सुप्रभात

रांची, रविवार

27.10.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net

कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 106





12 टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन कल

## न्यूज डायरी

### लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत बिगड़ी

**नयी दिल्ली।** पिछले एक सप्ताह से दिल्ली एम्स में भर्ती पद्मभूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत ज्यादा बिगड़ गयी है। हाल ही में उनके पति का ब्रेन हैमरेज से निधन हुआ था। उसके बाद वह खुद बीमार हो गई हैं। पिछले एक सप्ताह से उनको खाने-पीने में काफी समस्याएं आ रही थी, जिसके बाद उनको दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। बिहार के सुपौल जिले के हुलास में जन्मी शारदा सिन्हा लोकगीत और शास्त्रीय संगीत की मशहूर गायिका हैं। शारदा सिन्हा मुख्य तौर पर मैथिली और भोजपुरी गीतों के लिए जानी जाती हैं।

### जयराम महतो डुमरी और बेरमो दोनों सीटों से लड़ेंगे

**रांची।** जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने अब तक 74 सीटों पर उम्मीदवारों की नामों की घोषणा कर दी है। इस सूची में जयराम महतो खुद बेरमो सीट से भी चुनाव लड़ेंगे। इस तरह जयराम ने डुमरी और बेरमो दोनों सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इसके अलावा रांची सीट से प्रत्याशी को भी बदला गया है। अब रांची सीट से प्रेम नायक की जगह राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। शनिवार को जयराम की पार्टी ने दस उम्मीदवारों की घोषणा की। इसमें बेरमो से जयराम महतो, चंदनक्यारी से अर्जुन रजवार, खिजरी से सरिता तिर्की, गोमिया से अमरेश महतो, लिट्टीपाड़ा से मार्क बास्के, सारठ से अजहर अंसारी, जामा से देबिन मुर्मू, मांडू से बिहारी महतो, शिकारीपाड़ा से अविनाश हेंब्रम और रांची से राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया है।

### स्पेन के राष्ट्रपति की भारत यात्रा आज से

**नयी दिल्ली।** स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज आज से 29 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी बेगोना गोमेज भी रहेंगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। स्पेन के राष्ट्रपति की यह यात्रा 18 वर्षों के बाद हो रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति सांचेज बहुपक्षीय बैठकों से अलग कई बार मिल चुके हैं। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति सांचेज प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता करेंगे।

### न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीता

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने भारत को पुणे में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में 113 रनों से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज में हराया है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच 69 साल पहले खेला गया था। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाये। भारत 156 रन ही बना सका। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड ने 255 रन बनाये। भारत को 359 रनों लक्ष्य दिया। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाज के सामने बिखर गयी और 60.2 ओवर में 245 रनों पर ऑलआउट गयी।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 102000 रु./प्रति किलो |




सैन्य और हिजबुल्लाह के ठिकाने किये ध्वस्त

# इजरायल का ईरान, सीरिया और लेबनान पर बड़ा हमला

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल ने ईरान पर बड़ा हमला किया है। इजराइली सुरक्षा बलों (आइडीएफ) ने उसके सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले कर उसकी नींद उड़ा दी। इजरायल ने ईरान में 20 मिसाइल और ड्रोन सुविधाओं पर हमले के लिए अपने 100 जेट्स का इस्तेमाल किया। यह 'ऑपरेशन डेज ऑफ रिपेंटेंस' यानि ('पश्चताप का दिन' अभियान) का हिस्सा था। पूरे अभियान की निगरानी इजराइल के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ हरजी हलेवी और वायुसेना के कमांडिंग ऑफिसर मेजर जनरल तोमेर बार कर रहे थे। न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ठिकानों पर हमला किया गया। वहीं ईरान की ओर से कोई जवाबी हमले की खबर नहीं है। यह हमला ईरान की



तरफ से इजरायल की ओर लगभग 200 बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च करने के कुछ दिन बाद हुए थे। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी

- ईरान, इजरायल के किसी भी आक्रमण का जवाब देने को तैयार है। इजरायल पर बदले की कार्रवाई की जायेगी

सना के मुताबिक, इजराइल ने सीरिया के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कुछ सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। हालांकि, इजराइल ने हमले की पुष्टि नहीं की है।

इधर ईरान की अर्द्ध सरकारी तस्नीम संवाद समिति ने कहा कि ईरान, इजरायल के किसी भी आक्रमण का जवाब देने को तैयार है। इजरायल पर बदले की कार्रवाई की जायेगी।

आईडीएफ की एक अन्य पोस्ट के अनुसार, आईडीएफ ने लेबनान के बेरूत में उत्तरी बेका क्षेत्र को पार करने वाली जौसिह सीमा में हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचों पर रात भर हमला किया। हिजबुल्लाह जौसिह सीमा का उपयोग इजराइल के खिलाफ कर रहा है। यह क्षेत्र सीरिया के नियंत्रण में है। हिजबुल्लाह की 4400 यूनिट सीरिया से लेबनान हथियार स्थानांतरित करने के लिए इसका प्रयोग करते हैं। इधर इजराइल ने हमले की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन दे दी है। इजराइल अमेरिका को हर बड़े हमले की रिपोर्ट देता है।

ऊर्जा उत्पादन निगम लि. के खाते से 56 करोड़ फर्जी निकासी का मामला

# एसआइटी की छापेमारी में 37 लाख नकद बरामद, बैंक मैनेजर गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार के ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खातों में धोखाधड़ी कर 56 करोड़ रुपये की निकासी के मामले की जांच के लिए गठित एसआइटी टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बैंक मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एसआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए 37.18 लाख रुपये भी बरामद किया है।

सीआईडी से जारी विज्ञप्ति के अनुसार फर्जी बैंक खातों के जरिए ऊर्जा विभाग से 56 करोड़ 50 लाख रुपये की निकासी के मामले



में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बिरसा चौक शाखा के मैनेजर लोलस लकड़ा को गिरफ्तार किया गया है। जांच टीम ने झारखंड राज्य विद्युत कर्मचारी मास्टर ट्रस्ट द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बिरसा चौक शाखा में जमा की गई राशि से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी और दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

दस्तावेजों की जांच के बाद ही बैंक मैनेजर लोलस लकड़ा से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान लोलस लकड़ा ने इस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। बाद में लोलस लकड़ा द्वारा दी गई जानकारी पर रांची के ओबेरिया रोड के एकता नगर स्थित शांति कंस्ट्रक्शन के कार्यालय से कुल 37,18,500 रुपये बरामद किए।

### साइबर पोर्टल के जरिये 350 से अधिक खाते फ्रीज

जांच के दौरान साइबर क्राइम पोर्टल, साइबर क्राइम थाना सीआईडी ने 14सी और विभिन्न बैंकों के साथ समन्वय स्थापित किया और खाता फ्रीज करने की कार्रवाई की। अब तक संदिग्ध निकासी से संबंधित कुल 350 विभिन्न बैंकों के खातों की जानकारी मिली है। इन सभी बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। सीआईडी ने यह भी बताया है कि यदि किसी खाताधारक का खाता संदिग्ध निकासी के कारण फ्रीज किया गया है, तो वह खाताधारक एसआईटी के समक्ष अपना पक्ष रख सकता है या बैंक खातों के संबंधित दस्तावेजों के साथ ई-मेल आइडी पर सूचित कर सकता है। पूरे प्रकरण में जांच में एसआईटी द्वारा विभिन्न खातों में जमा लगभग 47 करोड़ 20 लाख फ्रीज किए गए हैं, अब तक 06 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 1 करोड़ 23 लाख से अधिक नकद तथा 16,70,000 रुपए के आभूषण बरामद किए गए हैं।

### क्या है पूरा मामला

झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज मास्टर ट्रस्ट के वरीय प्रबंधक के आवेदन पर फर्जी खाते के माध्यम से ₹56 करोड़ 50 लाख की निकासी करने के संबंध में सीआईडी थाना कांड संख्या 43/24 दर्ज किया गया था। डीजीपी ने इस मामले के अतिरिक्त धोखाधड़ी से संबंधित अन्य मामलों को सुलझाने के लिए एक एसआईटी को जिम्मेदारी दी है जो पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

सीएस, होम सेक्रेटरी, डीजीपी, डीसी-एसपी को नोटिस

# सीता सोरेन के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी पर एनएसटी आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

बिगड़े बोल पर संज्ञान

- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने अधिकारियों से तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए अमर्यादित टिप्पणी किये जाने को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले पर मुख्य सचिव, डीजीपी, गृह सचिव, डीसी जामताड़ा और एसपी को नोटिस जारी किया है। आयोग ने सभी अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की डॉ आशा लकड़ा के निजी सचिव विवेक कुमार ने दी है।

### चुनाव आयोग गंभीर इरफान पर केस दर्ज

सीता सोरेन पर अमर्यादित शब्द का इस्तेमाल किए जाने के मामले में इरफान अंसारी पर जामताड़ा में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से रिपोर्ट मिल गयी है। सीइओ के रवि कुमार ने इसकी पुष्टि की है। आयोग ने जामताड़ा जिला प्रशासन से एक्शन टेकेन रिपोर्ट तलब किया था।

**मानहानि का दावा करेंगे इरफान :** सीता सोरेन प्रकरण पर कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि झूठे वीडियो के सहारे सियासी खेल चल रहा है। भाजपा और सीता सोरेन के खिलाफ 100 करोड़ का मानहानि का दावा करेंगे। चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत करेंगे।

भाजपा का डैमेज कंट्रोल अभियान

# नाराज रवींद्र राय बनाये गये कार्यकारी अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने डैमेज कंट्रोल अभियान तेज कर दिया है। इसी के तहत टिकट कटने से नाराज चल रहे रवींद्र राय को भाजपा ने झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इससे पहले भी श्री राय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं। कुछ दिनों से रवींद्र राय के झामुमो में जाने की चर्चा चल रही थी। अभी वे भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक थे और प्रदेश कार्यसमिति में बतौर सदस्य की भूमिका में थे।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर श्री राय ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी दी गयी है, उसे हम पूरा करने की कोशिश करेंगे। प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी से उनकी कोई नाराजगी नहीं थी। रवींद्र राय ने कहा कि भाजपा ने ही झारखंड को जन्म दिया है और हम उसे बर्बाद नहीं होने देंगे।



**निरंजन राय के चुनाव लड़ने की घोषणा से भाजपा बेचैन :** उधर धनवार सीट से समाजसेवी निरंजन राय ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। चूंकि यह सीट हॉट सीट में से एक है। पार्टी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। चूंकि निरंजन सवर्ण वर्ग से आते हैं और इनकी पकड़ सभी जातियों में है। ऐसे में भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी है। भाजपा नेता गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे निरंजन राय को मनाने उनके घर पहुंचे लेकिन चुनाव लड़ने पर अड़े रहे।

### कोडरमा सीट से राजद प्रत्याशी सुभाष यादव का रद्द हो सकता है नामांकन

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए राजद उम्मीदवार सुभाष यादव के कोडरमा विधानसभा से नामांकन करने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। नामांकन दाखिल करने के लिए जेल में बंद सुभाष यादव ने कोर्ट से पेरोल लिया था, लेकिन अब इस मामले में अब नया मोड़ आ गया है। सुभाष यादव ने कोडरमा में निवार्ची पदाधिकारी रिया सिंह के समक्ष 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किया था। उन्हें 22 अक्टूबर को पटना हाईकोर्ट से नामांकन दाखिल करने के लिए पेरोल मिला था। अब इस मामले में आरोप लगाया जा रहा है कि सुभाष यादव ने कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया है। यही नहीं कोर्ट के आदेश के उल्लंघन पर उनके नामांकन को रद्द करने की भी मांग की जा रही है। सुभाष यादव पर आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने नामांकन से पहले आवास गए और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके अलावा नामांकन के बाद वे इंदरवा में जनसभा में भी शामिल हुए थे।

केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने किया सावधान

# जांच में फेल पाये गये 49 दवाओं के सैंपल सीडीएससीओ ने वापस लेने के दिये निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गैस, एलर्जी, सर्दी जुकाम, उल्टी, कैल्शियम, विटामिन-12 के साथ कुल 49 दवाओं के सैंपल मानकों में फेल पाए गए हैं। केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है।

**सैंपल मानकों में फेल दवा की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध :** ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया राजीव सिंह रघुवंशी ने बताया कि हर महीने 3000 दवाइयों के सैंपल्स की जांच की जाती है। इसमें जो भी मानकों की जांच में



फेल पाए जाते हैं, उनकी वेबसाइट पर रिपोर्ट जारी की जाती है। इसी क्रम में इस महीने करीब 49 दवाओं के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे जिसकी सूची वेबसाइट पर डाल दी गयी है। इन सभी दवाओं को बाजार से वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। इन दवाओं की सूची में डायबिटीज की दवा, दर्द निवारक, आई ड्रॉप्स और बुखार, उल्टी के सिरप शामिल हैं।

**3000 नमूनों का किया गया परीक्षण :** राजीव सिंह रघुवंशी ने बताया कि सीडीएससीओ द्वारा परीक्षण किए गए लगभग 3000 नमूनों में से 49 दवाओं को वापस लेने के लिए कहा गया क्योंकि उन्हें कम प्रभावकारी (एनएसक्यू) पाया गया। फेल सैंपल वाली 49 दवाओं में मेट्रोनिडाजोल, डोमिपेरिडोन, ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन, कैल्शियम ग्लोकोनेट, मेटमॉर्फिन हाइड्रोक्लोराइड, डाइक्लोफेनिक सोडियम, ओमिप्रेजोल, निमेसुलाइड, पैरासिटामोल, सिप्रोफ्लॉक्सिन, पैंटाप्रजोल, एमोक्सलिन हैं।




## अपने नेता के खिलाफ इरफान अंसारी की अमर्यादित टिप्पणी से भाजपा आक्रामक

# इरफान को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें हेमंत : शिवराज

- आदिवासी महिला का कांग्रेस ने किया अपमान
- महिलाओं से अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी का सीता सोरेन पर दिए अमर्यादित बयान पर भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध किया है। शनिवार को भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन के मंत्रीमंडल से इरफान अंसारी को बर्खास्त करने की मांग की है। शिवराज सिहं ने इरफान के बयान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन जी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। क्या इरफान अंसारी को शर्म नहीं आता है। आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है। उनको शर्म करनी चाहिए।

शिवराज सिंह ने कहा कि सीता सोरेन स्व दूर्गा सोरेन की पत्नी, शिबु सोरेन की बहु और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। वे झारखंड भाजपा की सम्मानित नेता हैं। इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए भद्दी शब्दों का इस्तेमाल किया। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन जी का अपमान नहीं किया, बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। यह भारत के नारी शक्ति का अपमान है। अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शर्म आती है तो इरफान अंसारी को मंत्री मंडल से बाहर निकाल देना चाहिये।

### वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत : मरांडी



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि मइयां सम्मान की ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार के महिला सदस्य के अपमान की चिंता नही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री जी अपनी कुर्सी बचाने केलिए, वोट बैंक केलिए कितना नीचे गिरेंगे हेमंत सोरेन। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन जी झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी ,एक जनप्रतिनिधि हैं फिर भी मुख्यमंत्री जी अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गए अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री जी सत्ता मद में डब चुके हैं। उन्होंने कहा कि कि थोड़ी भी प्रतिष्ठा बची है तो मुख्यमंत्री जी को इरफान अंसारी पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# इरफान का टिकट रद्द करें राहुल गांधी : अन्नपूर्णा

### सीता सोरेन पर अमर्यादित बयान से कांग्रेस की महिला विरोधी सोच उजागर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्ण देवी ने सीता सोरेन पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान का घोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए बहुत ही अपमानजनक टिप्पणी की है। महिलाओं के लिए कांग्रेस की क्या सोच है कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के बयान से स्पष्ट हो गया है। कांग्रेस महिला और युवा विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में महिलाओं के लिए ओछी मानसिकता हमेशा से रही है। जिसको आज कांग्रेस के इरफान अंसारी ने सीता सोरेन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर स्पष्ट कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने कहा कि मैं इरफान अंसारी के टिप्पणी का विरोध करती हूं। झारखंड में कांग्रेस ने एक आदिवासी महिला सीता सोरेन जी का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं की पूजा की जाती है, उनका सम्मान किया जाता है। लेकिन महिलाओं के प्रति कांग्रेस गलत और ओछी मानसिकता का परिचय इरफान अंसारी के बयान से साफ हो गया है। अगर कांग्रेस महिलाओं की इतना ही चिंता करती है तो कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इरफान अंसारी के टिकट को वापस ले लेनी चाहिए। सांसद अन्नपूर्णा ने प्रियंका गांधी से भी इरफान अंसारी के बयान का जवाब मांगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के अमर्यादित बयान का महिलाओं से विरोध करना चाहिए। ऐसी ओछी मानसिकता वाले लोगों को और ऐसे मंत्री को हटाना चाहिए और इरफान अंसारी के टिकट को वापस लेना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करती है।

### इरफान मियां आपके घर पर चलेगा बुलडोजर: भानू



रांची। अपने विवादास्पद बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी चारों ओर से घिरते नजर आ रहे हैं। खासकर भाजपा ने उनके बयानों को लेकर तीखा हमला शुरू कर दिया है। अब भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि मंत्री इरफान मियां पर बुलडोजर चलेगा आपने जो सीता का अपमान किया है, वो मेरी भाभी हैं। सरकार बनते ही इसका जवाब आपके घर पर बुलडोजर चला के दूंगा। इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कहा कि इरफान अंसारी को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने सीएम हेमंत से कहा कि इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से बाहर निकाल कर फेंक दें।

# एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें : के रवि कुमार

## पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कार्य में लगे सहायक पुलिस कर्मियों के मतदान की करें व्यवस्था

- सीईओ ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक
- मतदान कर्मियों की ट्रेनिंग में इवीएम क्लोजिंग डाटा संग्रहण का ट्रेनिंग दें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इसके सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक अथवा वैसे दिव्यांग मतदाता जो घर से मतदान करना चाहते हैं, उन्हें फॉर्म 12 डी उपलब्ध करा दें।

वह आज निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलों के पुलिस पोस्टल बैलेट एवं पोस्टल बैलेट सेल के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि अनुपस्थित वोटर, जो पोस्टल बैलट से मतदान की अर्हता रखते है और इच्छुक हैं , उन मतदाताओं को फॉर्म 12 अथवा 12 डी अवश्य उपलब्ध करा दें।

**पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दें :** उन्होंने समीक्षा के क्रम में कहा कि सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दें।

उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कार्य में लगे सहायक पुलिस कर्मियों के मतदान की भी व्यवस्था करा लिया जाए, जिससे कर्तव्य पर रहते हुए वह अपने मताधिकार से वंचित न हों।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी जिले में मतदान कर्मियों का राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ट्रेनिंग की भौतिक समीक्षा अवश्य करें एवं इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि मतदान कर्मियों को ईवीएम क्लोजिंग डाटा संग्रहण का संपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो, जिससे मतगणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि अथवा संशय की स्थिति उत्पन्न न हो।

### जो मतदान केंद्र तक आने में असक्षम हैं उनके लिए होम वोटिंग की व्यवस्था करें

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी जिले में होम वोटिंग एवं निर्वाचन में लगे मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया का कलेंडर जारी किया गया है। इस कैलेंडर का अनुपालन करते हुए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक के अथवा दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने में असक्षम हैं, उनके लिए होम वोटिंग की व्यवस्था करनी है । इसके लिए बीएलओ द्वारा चि?त मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए एक टॉल फ्री नंबर दे दें, ताकि होम वोटिंग के लिए यदि कोई इच्छुक मतदाता है, तो वह संपर्क कर फॉर्म उपलब्ध कराने को कह सकें। इस अवसर पर अवर सचिव घनश्याम प्रसाद सहित पुलिस पोस्टल बैलेट एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एफएसटी व एसएसटी के सहयोग से फ्री बीज को रोकें : सीईओ

- राज्य में अवैध शराब, प्रतिबंधित सामग्री और इंटेलिजेंस से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर करें छापेमारी
- सभी बैंक संदिग्ध लेनदेन की जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से करें साझा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में प्रवर्तन एजेंसियां रुपए के अवैध लेनदेन, अवैध शराब, प्रतिबंधित सामग्री अथवा वैसे सभी फ्री-बीज पर नजर रखते हुए जब्त करें, जिनसे मतदान को प्रभावित करने की संभावना हो। वे शनिवार को राज्य के सभी प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन से संबंधित समीक्षा कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि केवल कैश ही नहीं, अपितु अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है। इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करें। सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा।

श्री कुमार ने कहा कि बैंक द्वारा किसी भी प्रकार की संदिग्ध लेनदेन की सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ साझा करें, जिससे छापेमारी कर अपराधियों को पकड़ा जा सके। उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट आथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, कस्टम विभाग, आयकर आदि विभागों के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करते हुए अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. इरफान के खिलाफ भाजपा सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो प्रसारित करा रही है : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमण्डल शनिवार को चुनाव आयोग में राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिल कर एक ज्ञापन और पेन ड्राइव सौपा, जिसमें भाजपा द्वारा जामताड़ा के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. इरफान अंसारी पर लगाये जा रहे आरोप की सत्यता था।

कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू, राजन वर्मा एवं प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शहदेव ने कहा कि डॉ. इनफान अंसारी हमेशा से भाजपा नेताओं के निशाने पर रहते है। उन पर लगाया गया आरोप निराधार है। भाजपा जामताड़ा के चुनाव में काफी पीछे है। चुनाव में बने रहने के उद्देश्य से इस प्रकार का आरोप लगाया गया है। हम सभी जानते है कि लोकसभा के चुनाव में भी भाजपा जामताड़ा विद्यानसभा से भारी मतो से हारी थी।कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने चुनाव आयुक्त से कहा कि भाजपा के द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियों प्रसारित किया जा रहा है। इस विकृत वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर कांग्रेस प्रत्याशी एवं पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मूल वीडियो में डॉ. इरफान द्वारा सीता सोरेन का नाम तक नहीं लिया है और न ही किसी प्रकार की अनुचित भाषा का प्रयोग किया है। इसके बावजूद भाजपा द्वारा इस वीडियो को राजनीतिक लाभ लेने के लिए तोड़-मरोड़ कर प्रसारित किया गया है, जिससे जनता के बीच कांग्रेस प्रत्याशी की गलत छवि बन सके। नेताओं ने कहा कि डॉ इरफान असारी अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं और उनकी लोकप्रियता न केवल अल्पसंख्यक बल्कि सभी समुदायों में हैं, ऐसे में डॉ. इरफान अंसारी के छवि को ही नहीं पाटी की छवि को आघात पहुँचा है। यह जामताड़ा की जनता को गुमराह करने का भी एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

नेताओं ने कहा कि इसी प्रकार का गलत प्रचार भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन और उनकी बेटी द्वारा पूर्व के लोकसभा चुनाव के दौरान भी किया गया था। उस समय उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष एवं नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो और उनके बेटे पर झूठे आरोप लगाए थे, जिसे जॉच के बाद गलत पाया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी की ओर से आग्रह किया गया कि भविष्य में ऐसे किसी भी प्रकार के झूठे एवं भ्रामक प्रचार पर रोक लगाने हेतु आयोग सख्त से सख्त कदम उठाए ताकि चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं स्वच्छ बनी रहे और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनावृत्ति न हो सके।

## चुनाव पर भाजयुमो ने बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने झारखंड विधानसभा चुनावों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठककिया। इसका शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, दीपक प्रकाश, रोहित चहल एवं शंशाक राज ने दीप जलाकर किया। बैठक में विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति, परिवर्तन चौपाल, बाइक रैली और अन्य अभियानों पर चर्चा की गई। झारखंड में बदलाव लाने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से, भाजयुमो ने इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में विकास के नए आयाम स्थापित करने की बात कही। परिवर्तन चौपाल अभियान के तहत, विभिन्न जिलों में युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करने और उनके मुद्दों को समझने का प्रयास किया जाएगा। बाइक रैली के माध्यम से युवाओं में जोश एवं जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे अधिक सक्रिय रूप से चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लें और राज्य के विकास में योगदान दें।

मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि युवाओं की भूमिका झारखंड के भविष्य को संवारने में अत्यंत महत्वपूर्ण है, और हम उन्हें हर संभव मंच देने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे अभियान से युवा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकें, और हमारे साथ झारखंड के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं। वहीं, भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष शंशाक राज ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर युवाओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। शंशाक राज ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी भागीदारी से लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

## एक नजर में

### झारखंड में परिवर्तन जरूरी है : चंपई सोरेन



रांची। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस देश में नारी के सम्मान की रक्षा के लिए रामायण और महाभारत जैसे युद्ध हुए। वहीं सत्ता के मद में चूर एक अहंकारी हमारे आदिवासी समाज की बेटी का अपमान करने का दुस्साहस कर रहा है। कभी-कभी सोचता हूं तो लगता है कि क्या हमने इसी दिन के लिए झारखंड आंदोलन किया था? राज्य में कोई भी मुंह उठा कर बड़े-बुजुर्गों और बहु-बेटियों पर अवांछित टिप्पणी कर देता है और आदिवासी हित का दंभ भरने वाली सरकार मूकदर्शक बन जाती है। सवाल यह है कि ऐसे तत्वों को हमारी बहु-बेटियों का अपमान करने की हिम्मत कहां से मिलती है? इस परिस्थिति में बदलाव जरूरी है। झारखंड में परिवर्तन जरूरी है।

### पीएफ में कर्मियों को मिलेगा 7.1 फीसदी ब्याज

रांची। सामान्य भविष्य निधि (पीएफ) के अभिदाताओं को अब 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 31 अक्तूबर से एक दिसंबर 2024 के लिए के लिए मिलेगा। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग (बजट प्रभाग) के द्वारा सामान्य भविष्य निधि के अभिदाताओं की कुल जमा राशि पर वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए एक अक्टूबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 7.1% व्याज दर की स्वीकृति दी गयी है। यह दर एक अक्टूबर 2024 लागू किया गया है। इसके आलाक में झारखंड सरकार के वित्त विभाग द्वारा राज्य के सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं की कुल राशि पर दिये जाने वाली ब्याज की दर केंद्र सरकार के अनुरूप वितीय वर्ष 2024-25 के तहत एक अक्तूबर से 31 दिसंबर 2024 तक 7.1% फीसदी ब्याज दर देने की स्वीकृति दी है। वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### जेएलकेएम ने जारी की 7वीं सूची, डुमरी के बाद बेरमो से भी लड़ेंगे जयराम

रांची। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने अब तक 74 सीटों पर उम्मीदवारों की नामों की घोषणा कर दी है। इस सूची में जयराम महतो खुद बेरमो सीट से भी चुनाव लड़ेंगे। इस तरह जयराम ने डुमरी और बेरमो दोनों सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वहीं रांची सीट से प्रत्याशी को भी बदला गया है। अब रांची सीट से प्रेम नायक की जगह राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। शनिवार को जयराम की पार्टी ने नौ उम्मीदवारों की घोषणा की। इसमें बेरमो से जयराम महतो,च ंदनक्यारी से अर्जुन रजवार, खिजरी से सरिता तिर्की, गोमिया से अमरेश महतो, लिप्तीपाड़ा से मार्क बास्के, सारठ से अजहर अंसारी,जामा से देबिन मुर्मू, मांडू से बिहारी महतो, शिकारीपाड़ा से अविनाश हेंब्रम और रांची से राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया है।

### झारखंड का भविष्य खतरे में है : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड का भविष्य खतरे में है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उठो साथियों, उठो भाइयों परिवर्तन करना होगा। रोटी बेटी माटी खातिर अब हमको लड़ना होगा। बाबूलाल ने आगे लिखा है कि झारखंड के युवा और छात्र कभी पेपर लीक, तो कभी 5 साल में एक भी परीक्षा के सफल आयोजन ना कराये जाने का कड़वा घूंट हर रोज पीने को विवश हैं। इसके बाद भी जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार को युवाओं की कोई चिंता नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने हर साल जेपीएससी की परीक्षा के आयोजन का वादा किया था, परंतु वादा पूरा करने के बजाय सरकार के सरंक्षण में नौकरी बेचने वाले गिरोह पनप रहे हैं। नौकरी में पैरवी एवं घूस देने वालों भर का चयन होने से झारखंड के युवाओं का मनोबल टूट रहा है।

# दल तो दल निर्दल भी विधानसभा चुनाव में जीत का ठोक रहे ताल

## गली-मुहल्लों और चौपाल पर कर रहें हैं जीत का दावा, पुष्य नक्षत्र के दिन नॉमिनेशन कर विधायक बनकर घूमने लगे हैं गली-गली

सुधीर



**रांची।** झारखंड में चुनावी विगुल बजते ही दलों के बीच जीत के लिए जोर आजमाईश शुरू हो गयी है। एक-दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास तेज हो गया है। राज्य विधानसभा का जीतने को दल तो दल निर्दल भी ताल ठोक रहे हैं। इतना ही नहीं, अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के गली-मुहल्लों और चौपाल पर भी जीत का दावा कर रहें हैं। पुष्य नक्षत्र के दिन नॉमिनेशन कर अपने को विधायक मानकर गली-गली घूम रहे हैं और लोगों से अपने मतदान करने की अपील कर रहे हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पहले फेज के 43 सीटों पर किये गये नामांकन में 805 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। इनमें 86 प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार हैं। वहीं कुछ सीटों पर निर्दलीय भी दंभ भर रहे हैं। उनकी जीत हो न हो, दूसरे का खेल बिगाड़ने का माद्दा तो कुछ निर्दल जरूरत करते हैं। कई ने तो पार्टी के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी है।

**पहले चरण में 805 का नामांकन, कल स्क्रूटनी :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के नॉमिनेशन की प्रक्रिया संपन्न हो गयी है। 43 विधानसभा सीटों पर 805 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। सबसे अधिक जमशेदपुर पूर्वी से 32, जमशेदपुर पश्चिमी से 32 और हटिया विधानसभा क्षेत्र से 30 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। रांची से 26, हटिया से 30, कांके से 16 और मांडर से 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। बताते चलें कि 18 अक्टूबर को पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी हुई थी। 25 अक्टूबर पहले चरण के नॉमिनेशन करने की अंतिम तारीख थी। 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की जायेगी। वहीं 30 अक्टूबर प्रत्याशियों के नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन होगा।

### सीपी का खेल बिगाड़ने में लगे हैं निर्दलीय

रांची विधानसभा सीट से वैसे तो 26 लोगों ने नॉमिनेशन किया है। परंतु यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के सीपी सिंह और झामुमो की महुआा माजी के बीच ही होनी है। बताया जा रहा है कि दोनों पार्टियों के किसी न किसी पार्टी का समर्थन प्राप्त है। झारखंड में भाजपा, आाजसू, जदयू और लोजपा मिलकर चुनाव लड़ रही है तो झामुमो, कांग्रेस, राजद और वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। रांची सीट से भाजपा के नेताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल कर पार्टी प्रत्याशी सीपी की निंद उड़ा दी है। पार्टी के मुनचुन राय और संदीप वर्मा ने रांची में बगावती तेवर अपनाते हुए पार्टी के विरूद्ध जाकर नॉमिनेशन कर दिया है। अब इन्हें बैठाने की कवायद चल रही है। इनके नहीं बैठने पर रांची में त्रिकोणिये मुकाबला भी हो सकता है। इसी तरह हटिया से भरत कांशी ने नॉमिनेशन कर नवीन जायसवाल की मुश्किलें बढ़ा दी है। वहीं कांके में कमलेश राम ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय नॉमिनेशन कर दिया और डॉ जीतूचरण राम के राह में रोड़े खड़ा दिया है।

# जमशेदपुर पूर्व के बोतल से फिर निकला मालिकाना हक का जिन्न

## रघुवर दास बतायें कि मालिकाना हक दिलाने के लिए क्या किये : डॉ अजय

■ रघुवर सरकार द्वारा मालिकाना हक देने के बदले में केवल 10 डिसमिल जमीन पर लीज का अधिकार देने का निर्णय ही मालिकाना हक के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर की जनता यह जानना चाहती है कि रघुवर दास ने मालिकाना हक दिलाने के लिए मुख्यमंत्री रहते क्या प्रयास किये? डॉ अजय कुमार ने कहा कि रघुवर दास 25 वर्षों तक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक रहे। जनता के समर्थन से मुख्यमंत्री तक का सफर तय करने वाले रघुवर दास ने सिर्फ अपने सत्ता सुख के लिए लोगों को 25 वर्षों तक मालिकाना के नाम पर गुमराह करते रहे।


पत्रकारों से बात करते डॉ अजय कुमार।

डॉ अजय ने कहा कि रघुवर दास की सरकार में जमशेदपुर में लोगों को अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ा गया। चुनाव से पहले जनता से मालिकाना हक दिलाने का वादा किया गया था लेकिन रघुवर दास मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही वे वादा भूल गये। वे टाटा कंपनी की दलाली करने लगे। टाटा सबलीज की बात करने लगे जब सबलीज देना ही था तो फिर इन वस्तियों को लीज से बाहर क्यों करवाये?

डॉ अजय ने कहा कि रघुवर दास कभी सीएम थे ही नहीं, वो तो बस कॉरपोरेट घरानों के प्रवक्ता के तौर पर काम किए। डॉ अजय ने बताया कि रघुवर सरकार द्वारा मालिकाना हक देने के बदले में केवल 10 डिसमिल जमीन पर लीज का अधिकार देने का निर्णय ही मालिकाना हक के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बनी।

डॉ अजय ने कहा कि मालिकाना हक केवल जमशेदपुर की समस्या नहीं बल्कि यह पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या है। यदि लोगों ने समर्थन दिया तो मालिकाना हक के लिए एक आयोग गठित कर इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किया जायेगा।

## पांच साल से झामुमो-कांग्रेस सरकार में मालिकाना हक क्यों नहीं दिला पाये अजय कुमार : संजीव सिंह

■ पूर्व सीएम रघुवर दास के करीबी ने कहा- सीधे लीज बंदोबस्ती करने से बस्तीवासी हुए भयमुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा हमला बोला है। भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला महामंत्री संजीव सिंह ने अजय कुमार के बयान को हताशा एवं निराशा का परिचायक बताते हुए कहा कि राज्य में पिछले 5 वर्षों में झामुमो कांग्रेस की सरकार है। अजय कुमार बताएं कि उनकी सरकार ने मालिकाना हक दिलाने के लिए क्या प्रयास किये। अजय कुमार को जनता को यह बताना चाहिए कि राज्य में उनकी सरकार के होते हुए भी जमशेदपुर के लोगों को मालिकाना हक से वंचित क्यों रखा गया। अगर वे स्वयं को कांग्रेस का बड़ा नेता मानते हैं, तो पांच साल में उन्होंने बस्तीवासियों के हक के लिए कौन सी लड़ाई लड़ी है।


भाजपा के जिला महामंत्री संजीव सिंह।

संजीव सिंह ने कहा कि डॉ अजय कुमार आज भी अफसरसाही से बाहर नहीं निकल पाये हैं। उन्हें पूर्व सीएम रघुवर दास से सवाल करने से पहले स्वयं के गिरेबान में झांकना चाहिए कि कैसे उन्होंने कॉरपोरेट एजेंट के रूप में एक सुनियोजित साजिश के तहत शहर के मजदूरों और जनता को प्रताड़ित किया था। डॉ अजय कुमार यह बताएं कि संसदीय कार्यकाल के दौरान उन्होंने कौन से उल्लेखनीय कार्य किये। संजीव ने कहा कि जमशेदपुर ही नही बल्कि पूरे झारखंड में एकमात्र नेता रघुवर दास ही हैं जिन्होंने बस्तियों के हक की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है।

संजीव सिंह ने कहा कि वर्ष 2018 में रघुवर दास के मुख्यमंत्रीत्व काल में भाजपा सरकार ने ही सीधे बस्तियों को लीज देने का कानून बनाया। टाटा स्टील के सबलीज एरिया जैसे सोनारी, कदमा, सीतारामडेरा में सबलीज में रहनेवाले लोगों से भी बड़ा अधिकार बस्तियों के लोगों को दिया गया। क्योंकि ये जमीन टाटा स्टील को लीज पर दिया गया है और कंपनी ने जमीन सबलीज पर लोगों को दी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर के नेतृत्व में बने कानून के तहत सरकार सीधे लोगों को लीज पर जमीन देकर बस्तियों में रह रहे मजदूरों को बुलडोजर के भय से मुक्ति दिलाने का कार्य किया। पूर्व सीएम रघुवर के नेतृत्व में ही पूर्वी क्षेत्र की बस्तियों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचायी गयी। जहां बस्तियों में जलापूर्ति, बिजली, सड़क, नाले, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज लाइन, नियमित कचरा उठाव, जल निकासी जैसे समस्याओं का स्थायी समाधान हुआ।

श्री सिंह ने कहा कि लगभग सभी राजनीतिक दलों का चक्कर लगाने एवं चुनाव के दौरान शहर में चुनावी यात्रा पर आने वाले अजय कुमार उर्फ खबरी लाल अनर्गल बयानबाजी से खबरों में बने रहना चाहते हैं। लेकिन पूरा शहर जानता है कि बस्तियों के हक के लिए रघुवर ने ही 1995 में पहली बार बिहार विस में बस्तियों का मुद्दा उठाया था।

## स्पीड न्यूज

### केरल पब्लिक स्कूल कदमा का 23वां वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** केरल पब्लिक स्कूल कदमा ने प्रतिष्ठित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने 23वें वार्षिक खेल समारोह की मेजबानी की, जो खेलकूद और छात्र भागीदारी में उत्कृष्टता का एक और वर्ष था। कार्यक्रम की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ हुई। जब मुख्य अतिथि पूर्णिमा महतो, एक प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार और पद्मश्री प्राप्तकर्ता, एक कुशल राष्ट्रीय तीरंदाज और टाटा तीरंदाजी अकादमी में कोच ने औपचारिक स्वागत और सामान्य सलामी के बाद स्कूल का झंडा फहराया।

### आदिवासियों का सोहराय पर्व 30 से

**जमशेदपुर।** बाहा पूजा के बाद आदिवासी समाज का सबसे बड़ा और पवित्र पूजा गोट बोंगा यानि सोहराय पर्व को माना जाता है और यह 30 अक्टूबर से शुरू होगा। यह लगातार पांच दिनों तक चलता रहेगा। कार्तिक अमावस्या के दिन सामुहिक रूप से विभिन्न गांव के नायके बाबा (पुजारी) ने अपने गांव में गोट पूजा कर इस महोत्सव की शुरुआत की जाती है। इसके बाद गांव के लोग प्रसाद के रूप से सोड़े को ग्रहण करता है।

### एक्सएलआरआइ ऑनसेंबल-वल्हल्ला में जोड़ी मचायेगी धमाल

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में ऑनसेंबल- वलहल्ला का 25वां संस्करण 23 से 25 नवंबर तक होने जा रहा है, जिसमें बालीवुड के सुप्रसिद्ध संगीतकार व गायक विशाल व शेखर की जोड़ी 25 नवंबर को धमाल मचायेगी। एक्सएलआरआइ की ओर से होने वाले इस एनुअल कल्चरल, स्पोर्ट्स व मैनेजमेंट फेस्ट की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। इस दौरान करीब 40 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। इसमें इसमें देश भर के करीब 1200 से अधिक कॉलेज व तीन दर्जन बिजनेस स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही है।

### टेक फेस्ट 2024 में आईडीटीआर के स्मार्ट विलेज मॉडल को दूसरा स्थान

**जमशेदपुर।** एक गांव में जहां स्वच्छता, आंतरिक सड़कें, बिजली उत्पादन की दोहरी व्यवस्था, सड़कों पर स्वचालित रोशनी, जल एवं जल संरक्षण प्रणाली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो जाए तो वह गांव बन जाता है विलेटी यानि विलेज में सीटी का दर्शन। ऐसे ही एक मॉडल को बनाया है आईडीटीआर की मेकाट्रोनिक्स की द्वितीय वर्ष की छात्र-छात्राओं ने, जिसे टाटा स्टील तकनीकी संस्थान वमार्माईस में तकनीकी ज्ञान जीवन आसान थीम पर आयोजित टेक फेस्ट 2024 में प्रदर्शित किया गया। काफी लोगों ने इस मॉडल की सराहना की। कार्यक्रम में प्रदर्शित विभिन्न संस्थानों के मॉडलों के बीच आईडीटीआर के मॉडल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुए। मुख्य अतिथि आरकेएफएल के सीएचआरओ भूपेन्द्र लोदी द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## मजदूरों के हितों के लिए मैंने हमेशा संघर्ष किया है और करता भी रहूंगा : बन्ना गुप्ता

■ जुस्को श्रमिक यूनियन में जमशेदपुर पश्चिम के कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता का अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर उद्योग आधारित शहर है। यह ऐसा शहर है जहां प्रबंधन और मजदूरों के बीच बेहतर और सौहार्दपूर्ण संबंध और समन्वय है। प्रबंधन मजदूरों की समस्या को समझता है और यूनियन भी प्रबंधन की समस्या को यही कारण है कि पिछले 80-100 साल में जमशेदपुर के टाटा स्टील की कंपनियों में कभी हड़ताल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मैं भी गैर संगठित मजदूरों के लिए संघर्ष करते हुए आज इस मुकाम तक पहुंचा हूँ। उन्होंने कहा कि वो हमेशा मजदूरों के हित में खड़ा रहे हैं और खड़ा रहेंगे। जमशेदपुर के मजदूरों हमेशा मेरा साथ दिया है और मुझे उम्मीद है कि इस बार भी वह मेरा साथ है। उक्त बातें इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर पश्चिम के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने जुस्को श्रमिक यूनियन के कार्यालय के एक मीटिंग में मजदूर नेताओं को संबोधित करते हुए कही।

मौके पर जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने कहा कि एनडीए सरकार मजदूरी विरोधी है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि कांग्रेस सरकार के पुराने सभी कानूनों को बदलकर एनडीए सरकार ने चार श्रम कानून बनाए हैं जिससे मजदूरों की नौकरी की कोई गारंटी नहीं रह गई है। किसी भी मजदूर को कभी भी नौकरी से निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईपीएस 95 के मामले में एप्स 7500 + डीए एवं फ्री मेडिकल ऐड की मांग को लेकर देश के सभी मजदूर संगठन पिछले 8 वर्षों से दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन एनडीए सरकार ने अभी तक चुप्पी साधी हुई है। राज्य से लेकर केंद्र तक हमें इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की जरूरत है ताकि मजदूरों की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जा सके। उन्होंने आग्रह किया कि जमशेदपुर पश्चिम से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के जीत को सुनिश्चित करने को सभी मजदूर नेता युद्ध स्तर पर लग जायें।


बन्ना गुप्ता का गर्मजोशी से अभिनंदन करते जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय व सहयोगी।

मीटिंग में रघुनाथ पांडे अध्यक्ष जुस्को वर्कर्स यूनियन के साथ साथ अमरनाथ तिवारी, ई सतीश कुमार, त्रिवेणी प्रसाद, परशुराम मिश्रा, कमल किशोर अग्रवाल, मनीष कुमार दुबे, मनोज पांडे भी थे।

## एक नजर में

### विजया गार्डेन चित्रांश किट्टी क्वींस ग्रुप ने गरीबों और जरूरतमंदों के लिए संग्रहित किये कपड़े



**जमशेदपुर।** बारीडीह विजया गार्डेन चित्रांश किट्टी क्वींस ग्रुप ने गरीबों के लिए कपड़े संग्रहित किया। इसमें बारीडीह विजया गार्डेन के परिवारों ने बढ़-चढ़ कर योगदान दिया। प्रियंका वर्मा ने बताया कि संग्रहित कपड़ों को कोरू फाउंडेशन को सौंप दी गयी। यह फाउंडेशन गरीबों के उत्थान एवं सहयोग के लिए काम करती है। दीपावली पर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच उक्त सामग्री बंटेगी। सामग्री संग्रह में प्रियंका वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, रंजू वर्मा, आभा शरण, सोनाली श्रीवास्तव, ईशिता शरण, स्नेहा श्रीवास्तव, रिचा सिन्हा ने सक्रिय भागीदारी निभायी।

### जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी सरयू राय का व्यापक जनसंपर्क अभियान जारी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार श्री सरयू राय ने शनिवार को व्यापक स्तर पर क्षेत्र भ्रमण किया। उन्होंने सिक्खों के चौथे गुरु श्री रामदास महाराज के प्रकाशोत्सव पर सोनारी गुरुद्वारा में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। सोनारी के ही कागलनगर में उन्होंने दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और चुनाव में उनसे सकारात्मक सहयोग की भी अपेक्षा की। श्री राय ने उनसे कहा कि पश्चिमी जमशेदपुर को वह जिन हालात में छोड़ कर गये थे, आज के हालात कभी बदतर हो चुके हैं। श्री राय ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एक टीम से भी मुलाकात की और उनसे चुनाव कार्य में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने सोनारी के कैलाश नगर, रूपनगर, जेहार कॉलोनी, सरजोम हातू बस्ती और एलआईसी कालोनी के लोगों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझा।

### जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में शिवशंकर सिंह का लगातार जनसंपर्क से बढ़ रहा है मनोबल



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर सिंह ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान के तहत दर्जनों स्थानों का दौरा किया। उन्होंने शहर मे कई जगह पर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें हर वर्ग के लोगों का अपार सहयोग व साथ मिला। जनसंपर्क में मिल रहे समर्थन को लेकर बताया कि सबकुछ मेरी कल्पना से परे है। कभी ख़्वाब में भी नहीं सोचा था कि राजनीति में अपनों का साथ इस तरीके से मिलेगा। मैंने कदम बढ़ाने की सोची तो मेरे सोच को मजबूत करने सैकड़ों कदम और साथ जुड़ गये। मैंने जमशेदपुर पूर्वी का विकास सोचा है। यह सोच मेरी एकल नहीं सामूहिक समझ का नतीजा है। इसमें सब मिलेंगे तभी पूरा होगा। जनसंपर्क के दौरान श्री शिवशंकर सिंह ने यह भी बताया कि सबकुछ संभव है बस सही दिशा में सोचने और सही दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। श्री सिंह ने शहर के बारीडीह निराला, मेहरदा मे संध्या आरती और उसके बाद बैठक, बिरसानगर पहाड़ी उपर पर शिशु संघ बॉयज क्लब मे बैठक और जनसंपर्क, बल्ले कॉमप्लेक्स भुइयाँडीह मे बैठक आयोजित कर अपने लिए जन समर्थन जुटाया।

### जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के जन-जन से जुड़ रही हैं भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू



**जमशेदपुर।** भाजपा की जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए शनिवार सुबह एग्रिको, भुइयांडीह और अमल संघ पार्क का दौरा किया। वहां टहल रहे सुबह के वॉकर्स से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रात :काल अचानक अपने बीच पाकर लोग प्रसन्न दिखे और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भुइयांडीह पार्क समिति के सदस्य भोला यादव, सुरेश प्रजापति, किशुन तिवारी और सत्येंद्र सिंह व अन्य लोगों ने पूर्णिमा साहू का गर्मजोशी से स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की। पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर महानगर के पूर्व भाजपा अध्यक्ष दिनेश कुमार, गुंजन यादव के संग रघुनाथ पांडे जैसे वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्णिमा सिदगोड़ा क्षेत्र के कांवरिया धाम मंदिर में भी पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और वहां के पुजारी व आसपास की महिलाओं का आशीर्वाद लिया। सिदगोड़ा बाजार के दुकानदारों, ठेला-खोमचा वालों से संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने उनका हाल जाना और आश्वासन दिया कि क्षेत्र के छोटे-बड़े व्यापारियों की सभी समस्याओं को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके पश्चात वे अपने पूर्व हेड मास्टर आदिवासी हाई स्कूल के शिक्षक लालबाबू सिंह के घर पहुंचीं।

## दो दिवसीय ऑल इंडिया ओपन फिडे रैपिड और ब्लिट्ज रेटिंग चेस चैंपियनशिप शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिला शतरंज एसोसिएशन की ओर से गम्हरिया स्थित होटल पारस हाईट में दो दिवसीय प्रथम बिरसा मुंडा आल इंडिया ओपन फिडे रैपिड व ब्लिट्ज रेटिंग चेस प्रतियोगिता शनिवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि आदित्यपुर नगर निगम के आयुक्त रवि प्रकाश और विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद ननि की अपर नगर आयुक्त पारुल सिंह ने किया। इस दौरान सम्मानित अतिथि उद्यमी आरके सिन्हा, अरुण पाठक, दैनिक जागरण जमशेदपुर के संपादक उत्तम नाथ पाठक, बंगाल के कॉमनवेल्थ चैंपियन के ग्रैंड मास्टर मित्रा गुहा, ग्रैंड मास्टर शप्तश्री रॉय चौधरी, झारखंड के एकमात्र इंटरनेशनल मास्टर नीरज कुमार मिश्रा समेत कई उद्योगपति शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर किया गया। इसमें देश के नौ राज्यों के करीब तीन सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 140 प्रतिभागी रेटेड भी हैं।

## आजादनगर से आने वाले नाले के पानी से नरक बन रहा है देशबंधु लेन : सरयू राय

■ जीता को नाले को डायवर्ट करवा कर लोगों को दिलायेंगे राहत
■ अगर निगम अधिकारी इस बार भी नहीं मानें तो दीवार खड़ी करेंगे
■ निगम के अधिकारियों को प्लान बना कर दिया पर काम नहीं किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए के प्रत्याशी श्री सरयू राय ने शनिवार को कहा कि अगर वह यह चुनाव जीतते हैं तो देशबंधु लेन की तरफ ऊपर से आने वाले पानी को कहीं और डाइवर्ट करने के लिए नगर निगम से कहेंगे। अगर नगर निगम ऐसा नहीं करता है तो ऊपर से जो नाला आ रहा है, उसके बीच में दीवार खड़ी कर देंगे ताकि ऊपर का पानी यहां आए ही नहीं।


देशबंधु कालोनी से गुजरते एनडीए प्रत्याशी सरयू राय।

यहां देशबंधु लाइन इलाके में लोगों ने श्री राय से जल-जमाव की समस्या के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की। श्री राय ने उन्हें बताया कि वह जानते हैं कि यहां हमेशा से ही गंदगी और जलजमाव की समस्या रही है। जब वह विधायक थे, तब इस इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सुझाव दिया था। उस सुझाव पर काम नहीं हुआ, काम हो जाता तो इस समस्या का समाधान कबका हो जाता। श्री राय ने कहा कि इस समस्या का एकमात्र समाधान यही है कि आजादनगर के ऊपरी इलाके से जो पानी आ रहा है, उसे तत्काल रोका जाये।

## पोटका विस क्षेत्र में कमीशनखोरी से मुक्ति पाने के लिए कमल छाप पर बटन दबायें : मीरा मुंडा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पोटका/जमशेदपुर।** शनिवार को पोटका विस से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने जादूगोड़ा में स्थित रंकिनी मंदिर में पूजा अर्चना कर चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सोहदा पंचायत, कलिकापुर पंचायत और मानपुर पंचायत समेत कई जगहों पर जनसंपर्क कर जनता से संवाद की। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में यहां पर सिर्फ शिलान्यास किया गया, कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतरी। यही कारण है कि जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। पोटका की जनता अब कमीशनखोरी से मुक्ति चाहती है। पोटका की जनता विकास में बाधक बनने वाले लोगों से मुक्ति चाहती है। कहा कि 23 को पोटका में कमल खिलने के साथ-साथ पूरे राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी। सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में ही गोगो दीदी योजना से झारखंड की युवतियों व महिलाओं के खाते में 2100 रुपये हर माह दिये जायेंगे और भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।


रंकिणी मंदिर,जादूगोड़ा में पूजा करती भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा।

## अपने आपराधिक रिकार्ड को सार्वजनिक करें प्रत्याशी : डीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार को अपने आपराधिक रिकॉर्ड, यदि कोई है तो, उसकी जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। राजनीतिक दलों द्वारा भी अपने प्रत्याशियों के आपराधिक मामले की जानकारी अपने पार्टी की अधिकारिक वेबसाइट पर डालनी होगी। साथ ही नामांकन के उपरांत की अवधि में उम्मीदवार और राजनीतिक पार्टी को समाचार पत्रों तथा टीवी चैनलों में भी कम से कम 3 बार आपराधिक मामले की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी ताकि मतदाताओं को ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जानने को पर्याप्त समय मिल सके।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल।

## सरायकेला पहुंची भारतीय निर्वाचन आयोग की टीम, की उच्च स्तरीय बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सरायकेला जिला समाहरणालय सभागार में झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत जिले हेतु भारत निर्वाचन आयोग-नई दिल्ली द्वारा प्रतिनियुक्त एजी चौहान (आईपीएस) पुलिस प्रेक्षक, दिग्विजय कुमार चौधरी (आईआरएस) व्यय प्रेक्षक सरायकेला-खरसावां, सीएन लंगफई (आईएएस) समान्य प्रेक्षक 51 सरायकेला विधानसभा क्षेत्र, श्री डी. सागर दत्तसरे (आईएएस) समान्य प्रेक्षक 50 (इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र, श्री उपकार सिंह (आईएएस) समान्य प्रेक्षक 57- खरसावां विधानसभा क्षेत्र के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार लूणायत की मौजूदगी में सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की।


निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों केसाथ बैठक में भाग लेते सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी मुकेश लुणावत व अन्य पदाधिकारी।

बैठक में प्रेक्षक को परिचय के उपरांत जिला की भौगोलिक एवं सीमांत क्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान तदुपरांत जिले में अवस्थित मतदान केंद्र,मतदान प्रक्रिया संचालन के लिए उपलब्ध संसाधन, कार्यालय, सुरक्षा बिंदु, चेकनाका क्रियान्वयन आदि की जानकारी परियोजना निदेशक आई.टी.डी.ए श्री आशीष अग्रवाल (आईएएस) ने पीपीटी के माध्यम से दी। बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, अनुमति कोषांग, वाहन कोषांग,स्वीप कोषांग, वेलफेयर कोषांग, मतपत्र कोषांग सहित सभी कोषांगों में संपादित कार्यों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध करायी। इस क्रम में पोस्टल वैलेट के माध्यम से होम वोटिंग, मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों से संबंधित रूट चार्ट एवं आवागमन व्यवस्था स्थानांतरित/ गंभीर/ संवेदनशील मतदान केंद्र से संबंधित जानकारी को भी पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

बैठक में प्रेक्षक ने बताया कि हम सभी का एकमात्र लक्ष्य स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया करवाना है जिसमें सबकी समान्य भागीदारी है सभी अपने कर्तव्यो का निर्वाहन पूरी तत्परता से करें। सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी बेहतर समन्वय स्थापित कर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर कदाचरमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने की दिशा में कार्य करें।

# उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए परिश्रम और प्रेरणा की जरूरत : सचिव किरण मेहता

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन
- ऑक्सफोर्ड स्कूल का मुख्य उद्देश्य अनुशासन, समुचित शैक्षिक वातावरण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा है : प्राचार्य डा एके सिंह
- विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित अद्भुत मॉडल, परियोजना कार्य आदि प्रस्तुत किये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रतिभा संगम (वार्षिक विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी) का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सचिव किरण मेहता का स्वागत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि श्रीमती मेहता एवं प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया। जहां छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित अद्भुत मॉडल, परियोजना कार्य आदि प्रस्तुत किये गये। सभी प्रदर्श विशिष्ट संदेश एवं ज्ञान युक्त थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य लोगों ने सुरूचीपूर्ण तरीके से सभी कलाकृतियों को देखकर उसकी सराहना की। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।





**खास बातें :** मुख्य अतिथि श्री मेहता ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर कहा कि उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए ऐसे ही परिश्रम और प्रेरणा की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई परियोजना कार्य की बहुत सराहना की। इस प्रकार की अन्तः व अन्तर गतिविधियों से छात्रों की क्रियाशीलता में वृद्धि होती है। शिक्षा व नवीन खोज के प्रति अभिरुचि बढ़ती है और छात्रों को इसके द्वारा नवीन मंच मिलता है। शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक गतिविधियों में अभूतपूर्व भूमिका का निर्वहन करती है। वैज्ञानिक और राष्ट्र निमार्ता-व्यक्तित्व हेतु यह प्रथम सीढ़ी होती है। अन्त में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने प्रतिभा संगम (विज्ञान प्रदर्शनी) में छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान, वाणिज्य, गणित, सामाजिक अध्ययन, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, खेलकूद, मानविकी एवं कम्प्यूटर आदि विषयों से संबंधित अद्भुत मॉडल, परियोजना आदि प्रस्तुत किये गये। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य हमारे छात्रों में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान का भी विकास हो। इससे अनेक क्षेत्रों में छात्रों के क्रियात्मक एवं बौद्धिक विकास होते हैं। अनुशासन, समुचित शैक्षिक वातावरण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा ही ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का मुख्य ध्येय है। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अनुसंधान की क्षमता बढ़ती है। बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों के लिए उन्होनें हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि-विजित एवं प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

## ऑक्सफोर्ड की वार्षिक प्रदर्शनी का परिणाम

**मेदिनीनगर।** आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक प्रदर्शनी का परिणाम घोषित किया गया। विषयगत प्रदर्श वरिष्ठ वर्ग (अ) में विज्ञान में प्रथम स्थान पर अभिरुप दुबे, अर्णव कुमार, मो. कासिफ, सार्थक अग्रवाल, साक्षी सिंह, आर्यन कुमार रहे। द्वितीय स्थान पर काव्या चन्द्रा, अयात, आस्था, मोहित कुमार, अमितांश, अर्पित राज, दिव्यान सिंह, आकांक्षा कुमार, आर्या सिंह, सुफियान, अदिबा हयात तथा तृतीय स्थान पर रितिक राज, परीक्षित पांडे, शुभम यादव, दीपक अनमोल, हार्दिक कुमार, विराट तिवारी, संदेश नाज, एकलव्य, वेद प्रकाश, पीयुष राज रहे। गणित में प्रथम स्थान पर अयान रजा, आराध्या अग्रवाल, रणवीर कुमार रहे। द्वितीय स्थान पर आराध्या, दिव्यांश तथा तृतीय स्थान पर आकर्ष कुमार, मो. अरहयान, विद्यानन्द, समृद्धि, सृष्टि सिंह रहे। सामाजिक अध्ययन में प्रथम स्थान पर आदित्य आर्यम, संजीव सिंह, आर्यन, प्रियांशु, अतीफ खान, अमीषा, अनन्त, अनमोल विश्वकर्मा, आरव शर्मा, काव्या, वैभव रहे। द्वितीय स्थान पर अनमोल सिद्धार्थ अभय, श्रीजल, हर्ष कुमार, कार्तिशा, मो. अरहान, अर्णव सिंह, आकर्ष पाठक, अभिरुप दुबे तथा तृतीय स्थान पर आवेरी कर, सत्यम कुमार, तहराल, विकास, लक्की कुमार, नव्या, श्रुति, नित्या रानी, वैष्णवी, श्रेया गोस्वामी रहे। अंग्रेजी में प्रथम स्थान पर आकर्ष, उत्कर्ष, साकिब, अमितांश, युवराज, अनन्या, राजीव, अकरान, कृति, आर्या, स्नेहा, शिल्की, पीयुष, कुमार आरव रहे। द्वितीय स्थान पर हर्षित, तेजस्वी, अनुप्रिया, परिधि, आलिया, सृष्टि, दिविद, अंशुमान, कासिफ, आर्ची, आरोही, सूर्यांश, परीक्षित, गुंजन, अर्पित, इशिका, अतिका, मान्या, निकिता, अनुज, सामर्थ तथा तृतीय स्थान पर अशरफ, अयान, आराध्या, शौर्य, वैभव, सान्वी, रचित राज, अमन, रवि प्रकाश, सान्वी, वैष्णवी, आयुष, शौर्य, अयान, अंश, उत्कर्ष, अमनराज, आवेरी कर, आयुष, समृद्धि, जान्वी, नित्यम, आदर्श रहे। हिन्दी में प्रथम स्थान पर कुमार राज रहे। द्वितीय स्थान पर असाज तथा तृतीय स्थान पर अंशिका कुमारी रहे। संस्कृत में प्रथम स्थान पर मान्या, अतिका हसन, साक्षी प्रिया, हंसराज रहे।

## स्पीड न्यूज

### लोकतंत्र में सबको वोट का अधिकार: अमित



**पड़वा पलामू।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्विप कार्यक्रम में शनिवार को छतरपुर विस क्षेत्र के पड़वा प्रखंड के मुरमा पंचायत के कोकरसा तेलियाही टोला के टेढवा मधुरी जंगल में स्विप कार्यक्रम किया गया। मतदान केंद्र भाग संख्या 136 व 137 के मतदाताओं को जागरूक किया गया। पड़वा बीडीओ अमित झा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाते हुए कहा कि लोकतंत्र की एक खूबसूरती है कि लोकतंत्र में सभी व्यस्क को वोट देने का अधिकार है। यहीं एक ऐसा अधिकार है कि चाहे अमीर हो या गरीब दोनों को एक ही मत देने का अधिकार है। मौके पर मुखिया कमला देवी, बीपीओ नीती सिन्हा, प्रधान सहायक बसंत राजू मिंज, नाजीर संजीव गुप्ता, अश्विनी सिंह, नितिश कुमार, लव कुमार गुप्ता, गिरेंद्र मिश्रा, संजीव गुप्ता मौजूद थे।

### चुनाव आयोग की प्रेक्षक टीम ने लिया स्ट्रांग रूम व रिसीविंग सेंटर का जायजा



**मेदिनीनगर।** झारखंड विस चुनाव 2024 के तहत पलामू जिले के लिए नियुक्त सभी सामान्य, व्यय और पुलिस प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, डीडीसी, नगर आयुक्त, सभी निर्वाची पदाधिकारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी की मौजूदगी में गणेश लाल कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग सेंटर, मतगणना केंद्र व वज्र गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेक्षकों ने विधानसभावार स्ट्रांग रूम हेतु चिह्नित कक्ष एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। सभी ने सीसीटीवी सहित अन्य सुरक्षा की दृष्टि से कई निर्देश दिये।

### कांके कला में दर्जनों ने थामा भाजपा का दामन



**पाटन पलामू।** भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने मेराल, सिक्की, बरसैंता, कांके कला, नावाडीह का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को अपने विकास कार्य गिनाये। उन्होंने भाजपा के लिए मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। कांके कला में दर्जनों लोगों ने पीएम मोदी और विधायक पुष्पा देवी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा। मौके पर मनोज सिंह, बिहारी पासवान, गोपाल यादव, सिंटू यादव, गणेश प्रसाद, मृदुल भुइयां, दिनेश्वर भुइयां, रामजी पासवान, पवन कुमार, बबीता देवी, कलावती देवी, राजमानिया देवी, सिंहल प्रसाद, राजीव सिंह, मुक्तेश्वर सिंह, कुमुद देवी, लालदेव भुइयां, जैनुल अंसारी आदि मौजूद थे।

### समाजसेवी मिथलेश ने लिया जियर स्वामी जी महाराज का आशीर्वाद



**हुसैनाबाद पलामू।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ ग्राम पंशा में पूज्य श्री जियर स्वामी का आगमन हुआ। वे मोहम्मदगंज प्रखंड के पंसा में हो रहे यज्ञ में शामिल हुए। मौके पर समाजसेवी मिथलेश ने जियर स्वामी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ जैसे महान अनुष्ठान होने से क्षेत्र में भक्ति भाव का माहौल वातावरण शुद्ध होता है, ऐसे कार्य होने चाहिए जिससे लोगों में भक्ति का माहौल बना रहता है। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ जीयर स्वामी जी महाराज एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु हैं जिन्होंने अपने जीवन को भगवान त्रिदंडी स्वामी और मानवता की भलाई के लिए समर्पित किया है। मिथलेश सिंह ने कहा ऐसे धार्मिक कार्यों के लिए हमेशा अग्रसर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। मौके पर मोहम्मदगंज जिप अंजू देवी, समाजसेवी उपेंद्र सिंह, अश्विनी सिंह, पूर्व मुखिया बैरिस्टर सिंह, अखिलेश सिंह, टुटू सिंह, विजय सिंह, पिंटू सिंह, बबन सिंह शामिल थे।

### ट्रैफिक प्रभारी ने किये कई वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव व शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर जिला ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस ने छह मुहान चौक पर चार पहिया, दो पहिया व टेंपू चालकों को रोककर वाहनों की जांच की। उन्होंने वाहनों के कागजातों को बारीकी से देखा। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि कुछ बाइक चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस व कुछ ट्रिपल लोड थे। 14 बाइक जब्त किये गये। सभी वाहनों का फाइन चालान हेतु परिवहन कार्यालय भेजा गया है।

### डीलर की अधिकांश दुकानें मिली बंद



**पाटन पलामू।** पाटन एमओ संजय कुमार ने प्रखंड के कई जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पीडीएस डीलर शांति महिला समूह किशुनपुर, सत्या महिला समूह किशुनपुर, विभूति नारायण उपाध्याय अकरहा, मां दुर्गा महिला समूह सहित दुकानों का नाम शामिल है। एमओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किशुनपुर सत्या महिला समूह की दुकान छोड़ अधिकांश दुकानें बंद पायी गयी। वहीं पाटन एमओ संजय कुमार ने सत्या महिला समूह की दुकान की स्टॉक पंजी वितरण, पंजी सहित कई दस्तावेज की जांच की। एमओ ने डीलर को समयावधि में दुकान खोलने का सख्त निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने वालों पर कार्रवाई की बात कही है। किसी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### व्यापारीहित में भाजपा को साथ दें : मिश्रा



**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र के महापर्व में व्यापारिक संगठन फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन एवं समाज के अनेक संगठन भविष्य को उज्जवल एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा की स्थायी सरकार झारखंड में बनाने के लिए मैदान में उतर गया है। फेडरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रणजीत मिश्रा ने बैठक कर आम व्यापारियों से विचार कर निर्णय लिया कि इस बार झारखंड में एक मजबूत और स्थायी सरकार अवश्य बने, जिससे 5 वर्ष की दयनीय स्थिति सामान्य हो सके।

आयुक्त ने पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के मतदान केंद्रों का लिया जायजा, कहा

# दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को दिलायें आवश्यक सुविधाएं

- मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की कमियों को जल्द दूर करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर (पलामू)।** पलामू प्रमंडल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव की व्यापक तैयारी चल रही है। मतदाता अत्यधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचे और मतदान करें। इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहीं चुनाव आयोग के निदेश पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। मतदानकर्मियों एवं अन्य सभी मतदाताओं की सुविधा का भी ख्याल रखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं और दुरूस्त हो एवं मतदान पूर्व व्यापक तैयारी पूर्ण कराई जा सके, इसके लिए प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा मतदान केंद्रों पर पहुंचे। आयुक्त 75-पांकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया।




बूथों का जायजा लेते पलामू आयुक्त व अन्य।

**खास बातें :** आयुक्त ने केंद्रों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का हाल जाना। उन्होंने आयुक्त राउमवि, राजोगाड़ी स्थित मतदान केंद्र संख्या 140, राउमवि, रामसागर के मतदान केंद्र संख्या 151 एवं 152, रामवि, ओरिया के मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 तथा रा बालक मवि, नीलांबर-पीतांबरपुर के मतदान केंद्र संख्या 137 एवं 139 में उपलब्ध आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन कर सुविधाएं बेहतर करने को कहा। कहा कि निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं दिलायें। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के निबंधन, मतदान दिवस के दिन संबंधित आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का सूक्ष्मता से आकलन किया।

# डालटनगंज विस क्षेत्र के विकास के लिए सोच समझ कर करें मतदान : केएन त्रिपाठी

- इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का सदर प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क
- आपका एक- एक वोट कीमती, मूल्यवान व महत्वपूर्ण है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने सदर प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर श्री त्रिपाठी ने लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनता सोच समझकर मतदान करे। उन्होंने कहा कि दस साल में डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र में कोई विकास कार्य धरातल पर नहीं उतारा गया है। विधायक के निकम्मेपन व दस साल के अकर्मण्यता के खिलाफ और अगले पांच साल के लिए योग्य, कर्मठ व ईमानदार प्रतिनिधि का चयन करें। जो आपके सुख दुख में साथ दे। श्री त्रिपाठी ने भीमगाडा , तेतरिया टोला, धर्म टोला, महादेवमाडा, मुस्लिम टोला, सत्यारी टोला, गणके, मुटपुरही, पोखराहा कलां, जमूने, पिछुलिया टोला, साव टोला, कोईरी टोला, रजवाडीह, खैराट, केवाल पर, गणेशपुर, बहलोलवा, चेरो टोला, पोखराहा मेन चौक आदि जगहों पर सघन दौरा कर लोगों से समर्थन व सहयोग मांगा। स्थानीय लोगों द्वारा श्री त्रिपाठी का स्वागत किया गया। जनसंपर्क अभियान में समाजसेवी अनिल गुप्ता, अवधेश विश्वकर्मा, पूर्व पंसस चियांकी सतीश तिवारी उर्फ पिंटु तिवारी, शेखर मेहता, परवेज अख्तर, महताब खान, अब्दुल हवारी, मुन्ना गुप्ता, महेश राम, धर्मेंद्र सिंह मौजूद थे।



जनसंपर्क में शामिल कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी व अन्य।

# विधानसभा चुनाव के दौरान एक ट्रक पर 24 बाइक पुलिस ने किया जब्त

- चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से मंगायी गयी होगी बाइक : सदर एसडीओ सुलोचना मीना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में पहले चरण के नामांकन समाप्ति के बाद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। कारण कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से ट्रक (जेएच 03 एएफ 3340) में हीरो कंपनी की 24 बाइक पुलिस ने लेस्लीगंज थाना क्षेत्र से बरामद किया है। आयकर विभाग को सूचना मिली थी कि लेस्लीगंज क्षेत्र में ट्रक से बाइक जा रहा है। इसपर आयकर विभाग के अधिकारी ने एसपी रीष्मा रमेसन को सूचना देते हुए कार्रवाई करने को कहा। एसपी के निर्देश पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई कर ट्रक रोक चालक से बाइक संबंधी कागजात मांगी। लेकिन वह कागज नहीं दे सका। इसके बाद वाहन समेत बाइक जब्त कर लिया गया। सदर एसडीओ सुलोचना मीना ने बताया कि जांच में पता चला कि वाहन जब्ती के 40 मिनट बाद वाहन टैक्स संबंधी कागजात तैयार कर दिया गया। जिसमें कई अंदेशा छिपा था।



# ओबीसी एकता अधिकार मंच के विचारों को लोगों तक पहुंचायें कार्यकर्ता : बीडी प्रसाद

- ओबीसी एकता अधिकार मंच में भाजपा, राजद और बसपा के कई कार्यकर्ता हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर विस क्षेत्र में ओबीसी एकता अधिकार मंच के अध्यक्ष सह प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के बिश्रामपुर स्थित चुनाव कार्यालय में भाजपा, राजद और बसपा के कई कार्यकर्ता मंच में शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर ब्रह्मदेव प्रसाद को समर्थन देने और उन्हें जीत दिलाने का वादा किया। मौके पर ब्रह्मदेव ने सभी का स्वागत कर उन्हें मंच का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। कहा कि जो लोग हमारे मंच से जुड़ रहे हैं, हम उनका खुले दिल से स्वागत करते हैं। उन्होंने विश्रामपुर में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को लेकर चिंता जतायी। कहा कि वे उनके विचारों और संदेशों को लोगों के घर-घर तक पहुंचायें। श्री प्रसाद ने कहा मैं दुर्घटना के कारण चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं था, लेकिन विश्रामपुर के लोगों के आग्रह पर चुनाव लड़ रहा हूं।



### दो देसी हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड स्थित कोयल नदी किनारे से दो देसी हथियार के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चैनपुर सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर जीतराम महली ने बताया कि पुलिस के वरीय अधिकारी की सूचना पर चैनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में सत्यापन के लिए छापेमारी की। इस दौरान कोयल नदी के तट पर खड़ा रियाजुदीन सैयद पिता ग्यासुदीन सैयद ग्राम लालगंज शाहपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक झोला में एक देसी कट्टा तथा एक देसी सिक्सर बरामद किया गया।

### नावा जयपुर पुलिस की शराब के खिलाफ छापेमारी



**पाटन पलामू।** चुनाव को देख नावा जयपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के रुदीडीह एवं मझौली से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर नष्ट किया। नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के रुदीडीह एवं मझौली से जावा महुआ करीब 200 किलो (कीमत 14000) अवैध देशी शराब करीब 30 लीटर (कीमत 3600) एवं शराब बनाने के उपकरण नष्ट कर दिया है। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### पांकी के लोग अपार मतों से जितायेंगे : डॉ मेहता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के भाजपा प्रखंड एवं मंडल कार्यालय नीलांबर पितांबरपुर में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें नीलांबर पितांबरपुर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, चुनाव प्रभारी अशोक शर्मा, उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक एवं प्रवासी काली प्रसाद, पांकी विस क्षेत्र के विस्तारक रोहित यादव सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में चुनाव पर गहन चर्चा हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं को मजबूती से काम करने की सलाह दी। नीलांबर पितांबरपुर मंडल में बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र तिवारी ने की । मंडल के सभी महामंत्री एवं मंडल के सभी सहसंयोजक एवं बुथ कमिटी और सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित लाला प्रसाद यादव, समाजसेवी अजय पासवान, अरूण सिंह, पुष्पा देवी, अहिल्या देवी, चंदन सोनी, नीलकंठ गिरी, एवं अनेकों लोग उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र की जनता मुझे कार्यों के आधार पर विस चुनाव में अपार मतों से जितायेगी।

## कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में भाजपा नेता ने किया जनसंपर्क

- सूर्या ने जन आशीर्वाद यात्रा की प्रारंभ, दर्जनों गांव का दौरा किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के पक्ष में भाजपा नेता सूर्या सिंह ने जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत कर दी है। उन्होंने पोखरिया, दादरा, बनियाडीह, शिवा बिगहा, शिवा बिगहा टोला, कामत रजवार टोला, कामत राजपूत टोला, उरांव टोला, बराही, कुड़वा, खरडीहा, काजी बिगहा, शेखपुरा, बेलबीघा, नावाडीह, कजरात, अघेरिया, बेलबिघा, रेडिया व बहेरा का दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का आग्रह किया। सूर्या ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह विकास, रोजगार, जिला बनाने, घुसपैठियों से राज्य को मुक्त कराने, देश व राज्य की संस्कृति के साथ साथ हिंदुत्व की रक्षा की बात करने वाली भाजपा है।



### पुलिस ने पांच लोगों को भेजा जेल

**पाटन पलामू।** पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में तीन व अन्य मामले में दो नाबालिग कुल पांच लोगों को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किये गये लोगों में आशीक अंसारी (18) पिता सदीक अंसारी, नेशार अंसारी (18) पिता इरफान अंसारी एवं फरीद अंसारी पिता (18) फिरोज अंसारी शामिल हैं। इन सभी लोगों ने पाटन उच्च विद्यालय से लौट रही लड़कियों के साथ छेड़छाड़ किया था जिसके बाद लड़की के परिजनों के द्वारा पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## स्थानीय प्रशासन ने मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** स्थानीय प्रशासन ने मतदाता जागरूकता रथ को क्षेत्र में रवाना किया। रथ को बीडीओ राजीव सिंह, सीओ राकेश तिवारी व नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने झंडा दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रखंड के सभी गांवों और नप के सभी वार्डों में जाकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करेगा। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबको शामिल होकर मतदान करना चाहिए। मतदान हमारा मौलिक अधिकार है, जिसका उपयोग जरूरी है। बीडीओ ने कहा कि मताधिकार के प्रयोग से ही एक स्वच्छ जनप्रतिनिधि का चयन होता है और राज्य में एक नई सरकार बनती है। सीओ राकेश तिवारी ने सभी लोगों से मतदान करने की अपील की।



# धावाडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया हरेक बूथ जिताने का संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की गयी। सभी कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ से पार्टी प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में विधायक सह पांकी विस के भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि 15 सालों पर पांच साल भारी रहा। पांच साल पहले विकास कुछ खास लोगों तक ही सीमित रहता था। लेकिन पांच सालों के दौरान आमजनों के जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को धरातल पर उतारा गया। डॉ मेहता ने कहा कि राज्य मे हेमंत सोरेन की सरकार रहने के कारण जिस गति से विकास होना चाहिए था उतने तेज गति से नहीं हो पाया है लेकिन इस बार राज्य की जनता भ्रष्टाचारी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ कर फेंकने के लिए संकल्प ले चुकी हैं। राज्य में इस बार भाजपा का सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को आमजनों के हितों से कोई मतलब नहीं था। सरकार में शामिल सीएम एवं मंत्री सिर्फ और सिर्फ लूटने में मशगुल रहें। बैठक में सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, विधानसभा चुनाव प्रभारी अशोक शर्मा, उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक एवं प्रवासी काली प्रसाद, पांकी विधानसभा क्षेत्र के विस्तारक रोहित यादव, धावाडीह पंचायत के मुखिया रिंकी यादव, महेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, सेठा यादव, चंचल यादव, अनुज चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।



बैठक में भाजपा प्रत्याशी डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगरीय प्रशासन ने निकाला कैंडल मार्च

- 13 नवंबर को होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में शत प्रतिशत मतदान की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी व स्वीप कोषांग के निदेर्शानुसार बिश्रामपुर नगरीय प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नप मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला गया। स्थानीय गांधी चौक से मार्च की शुरूआत हुई। नगर भ्रमण के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। बिश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत, सीओ राकेश तिवारी व थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने नगरवासियों को मतदाता शपथ दिलाया। सोमा खंडौत ने बताया कि मतदाताओं के बीच व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो सके। मार्च मे सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सुबोध केशरी, रमेश कुमार, दीपक चंद्रवंशी, रवि कुमार, सुमित प्रसाद सहित सभी नप कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, पीडीएस दुकानदार सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



मतदाता जागरूकता को लेकर कैंडल मार्च में शामिल लोग।

समय संवाद

# धनतेरस पर इन दुर्लभ योग में जरूर करें ये काम

धनतेरस एक बेहद शुभ हिंदू पर्व है जिससे दीपोत्सव का आगाज होता है। यह आश्विन महीने में कृष्ण पक्ष के 13वें दिन पर पड़ता है , इस बार धनतेरस 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। ह्यधनतेरसह्ण नाम दो संस्कृत शब्दों से लिया गया है- ह्यधनह्ण जिसका अर्थ है धन या समृद्धि और ह्यतेरसह्ण जिसका अर्थ है 13वां दिन। धनतेरस पर मुख्य परंपरा घर में नई वस्तुएं लाने की है जो धन और समृद्धि के आगमन का प्रतीक है। सोने और चांदी के आभूषणों से लेकर वाहनों, बर्तनों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं तक, समृद्धि को आकर्षित करने का विचार है।

बासुकीनाथ पाण्डेय

## शुभ काम, खुलेंगे आर्थिक उन्नति के रास्ते

धनतेरस के दिन दुर्लभ संयोग बनेगा। इस दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग, कुल मिलाकर पांच शुभ संयोग बनते हैं। ऐसे में धनतेरस पर पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा।

धनतेरस एक बेहद शुभ हिंदू पर्व है जिससे दीपोत्सव का आगाज होता है। यह आश्विन महीने में कृष्ण पक्ष के 13वें दिन पर पड़ता है , इस बार धनतेरस 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। ह्यधनतेरसह्ण नाम दो संस्कृत शब्दों से लिया गया है- ह्यधनह्ण जिसका अर्थ है धन या समृद्धि और ह्यतेरसह्ण जिसका अर्थ है 13वां दिन। धनतेरस पर मुख्य परंपरा घर में नई वस्तुएं लाने की है जो धन और समृद्धि के आगमन का प्रतीक है। सोने और चांदी के आभूषणों से लेकर वाहनों, बर्तनों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं तक, समृद्धि को आकर्षित करने का विचार है। इस दिन धन की देवी लक्ष्मी और बुद्धि और समृद्धि के



देवता भगवान गणेश की आराधना कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है।

### धनतेरस पर शुभ और दुर्लभ योग

इस बार धनतेरस पर 100 साल बाद यानी धनतेरस के दिन दुर्लभ संयोग बनेगा। इस दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग, कुल मिलाकर पांच शुभ संयोग बनते हैं। ऐसे में धनतेरस पर पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा।

इंद्र योग - 28 अक्टूबर 2024, प्रातः 6:48 बजे - 29 अक्टूबर 2024, प्रातः 7:48 बजे तक

त्रिपुष्कर योग - 6:31 - 10:31 (29 अक्टूबर)

**लक्ष्मी नारायण योग-** धनतेरस के दिन शुक्र और बुध वृश्चिक राशि में एक साथ मौजूद रहेंगे और ऐसी स्थिति में लक्ष्मी नारायण योग बनता है। योग के इस प्रभाव से समृद्धि के साथ-साथ आर्थिक संकट भी नहीं आते और बुद्धि भी बढ़ती है।

**शश महापुरुष राजयोग –** धनतेरस पर शनि मुख्य त्रिकोण राशि कुंभ में है, जिससे शश महापुरुष राजयोग बन रहा है। ऐसे में शनि की कृपा से आपको भी लाभ होता है।

### धनतेरस पर जरूर करें ये काम

धनतेरस पर सोना, चांदी या बर्तन खरीदना चाहिए। यह घर में आशीर्वाद लाता है।

धनतेरस में, किसी को स्वास्थ्य के देवता, भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। शास्त्र यह भी कहते हैं कि 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्' निरोगी शरीर भी धर्म का साधन है, तभी आरोग्य रुपी धन के लिए ही भगवान धन्वन्तरि की पूजा आराधना की जाती है।

यमदेव का ध्यान करके मुख्य द्वार के दक्षिण दिशा पर दीपक स्थापित करना चाहिए। उपाय को करने से अकाल मृत्यु का भय नहीं होता।

धनतेरस पर वाहन, संपत्ति, घर, बही खाता, जमीन, भूमि, भवन, ज्वैलरी आदि की खरीदारी करने से मां लक्ष्मी घर में वास करती है। अगर धनतेरस पर महंगी चीजें नहीं खरीद सकते तो आप दक्षिणावर्ती शंख, नमक, धनिया, धातु का बर्तन आदि खरीद सकते हैं। इस उपाय से सुख-सौभाग्य और अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त होता है।

# धार्मिक निष्ठा और संस्कार हमारी सुरक्षा कवच है

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुंदर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्राज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था । यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# झारखंड में हरियाणा की तर्ज.पर लड़ रही भाजपा

## कांग्रेस- झामुमो- राजद- लेफ्ट में आपस में तकरार, एक दूसरे के खिलाफ उतारे उम्मीदवार



पंकज प्रसून

विधानसभा चुनाव 2024 का रण में भाजपा पूरी ताकत से जुटी हुई है। कुछ दिनों पहले राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी एल संतोष जी रांची आए थे। उन्होंने कर्मवीर सिंह, बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, नागेंद्र जी आदि के साथ मंथन किया। उस बैठक के बाद टास्क दिया गया कि किसी भी तरह अपने रूठे लोगों को मनाना है।

उसके बाद कार्य शुरू हुआ। वरिष्ठ नेताओं की टीम बनाकर रूठे लोगों से संपर्क किया गया। रांची से रमेश सिंह, कांके से कमलेश राम, गुमला से मिसिर कुजूर, रविंद्र राय जैसे एक दर्जन के करीब नाराज लोगों को मना लिया गया है।

निशिकांत दुबे ने राजधनवार से बागी निरंजन राय से मुलाकात की है। इसके अलावा निशिकांत दुबे ने गोड्डा में भाजपा प्रत्याशी अमित मंडल से बात की है। आने वाले दिनों में और भी कई लोगों से संपर्क कर उनको मनाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।













नागेंद्र त्रिपाठी, दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा और कर्मवीर सिंह इस मुश्किल टास्क को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। जरूरत पड़ने पर हिमांता विश्व शरमा, बाबूलाल मरांडी और शिवराज सिंह चौहान जी भी स्वयं जाकर मिलते हैं। अमित शाह जी और यहां तक की मोदीजी से भी बात कराई जाती है।

हरियाणा में भी ठीक यही रणनीति अपनाई गई थी। वहां भी संघ, सैनी और संगठन की तिकड़ी ने अपने रूठे लोगों को मनाया था।

जो अपने होते हैं, वो सिर्फ. रूठते हैं, बिकते नहीं।। परिवार का सदस्य नाराज है तो बाकी उसे मनाते हैं। यहीं संघ परंपरा है, सनातन परंपरा है।

धनवार विधानसभा के तीसरी प्रखंड अंतर्गत पिपलो गांव में धनवार विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय को मनाने के लिए भाजपा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे उनके आवास तीसरी गांव पहुंचे। इस दौरान निरंजन राय व उनके समर्थकों ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया, तथा देर समय तक बंद कमरे में दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत भी हुई।

इस मुलाकात के कई निष्कर्ष निकाले नजर आ रहे हैं बाकी दोनों नेताओ ने इस मुलाकात पर खुलकर कुछ भी कहने से वंचित नजर आ रहे हैं । निशिकांत दुबे मुलाकात करने के बाद देवघर के लिए रवाना हो गए, वहीं निरंजन राय इस मुलाकात के बाद अपने क्षेत्र के भ्रमण पर निकल गए ।बताते चले कि निरंजन राय ने धनवार विधानसभा सीट से नामांकन की घोषणा कर दी है ,वहीं इस चुनावी माहौल में दिलचस्प रहेगा की भाजपा की ओर से वर्तमान विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा जेएमएम से निजामुद्दीन अंसारी तथा माले की और राजकुमार यादव आदि मैदान में है।

अब कहना यह संभव नहीं है कि किसके पक्ष में यहां की जनता अपना बहुमूल्य वोट किसे देती है, यह कहना बहुत है कठिन होगा।

# आस्ट्रेलिया, भारत में यूनिवर्सिटी खोलेगा युवाओं को मिलेगा लाभ

**ऑस्ट्रेलिया** भारत में अपने विश्वविद्यालयों के परिसर स्थापित करेगा। इस विषय पर दोनों देशों के बीच लगातार वार्ता भी जारी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यहां प्रधान ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा में सहयोग भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का आधार है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली को योग्यता आधारित ढांचे में बढ़ाना है, जिसमें भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उल्लिखित कौशल आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थायी संबंध और एनईपी 2020 द्वारा संचालित शिक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना केवल शुरूआत है और इसमें बहुत कुछ हासिल करने की संभावनाएं हैं। दोनों देश मिलकर ज्ञान को आगे बढ़ा सकते हैं। वैश्विक चुनौतियों के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा सकते हैं। छात्रों के लिए नवाचार और उद्यमिता के अनंत अवसरों का सृजन कर सकते हैं।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर एमपी ने एक बेहतर शिक्षा प्रणाली के महत्व पर जोर दिया जो सिर्फ जीवन ही नहीं बदल सकती, बल्कि यह राष्ट्रों को भी बदल सकती है। भारत की शिक्षा प्रणालियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 2035 तक दुनिया भर में विश्वविद्यालय की डिग्री प्राप्त करने वाले चार में से एक व्यक्ति को डिग्री भारत से मिलेगी।

उन्होंने बताया कि कैसे डेकिन जैसे ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय 30 वर्षों से भारत में है। उन्होंने भारत में एक कंसोर्टियम परिसर के लिए विकल्प तलाशने के लिए छह नवाचार अनुसंधान विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्य की भी प्रशंसा की। ऑस्ट्रेलिया की विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिंटा एलन से मुलाकात की।

# आध्यात्मिक सतपुरुष गुरु समर्थ रामदास

-अशोक प्रवृद्ध

प्रसिद्ध सन्त और हिन्दू पद पादशाही के संस्थापक छत्रपति शिवाजी के गुरु एवं मराठी ग्रन्थ दासबोध के रचयिता समर्थ रामदास (1608-1682) का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के जाम्ब नामक स्थान पर चैत्र शुक्ल नवमी अर्थात रामनवमी को विक्रम सम्वत 1665 तदनुसार शालिवाहन शके 1530 (1608 ई0) को दोपहर में जमदग्नी गोत्र के देशस्थ ऋग्वेदी ब्राह्मण परिवार में हुआ था । समर्थ रामदास का मूल नाम नारायण सूर्य (सूर्या) जीपंत कुलकर्णी (ठोसर) था। बाल्यकाल में उन्हें नारायण कहकर पुकारा जाता था ।श्री राम के जन्म दिन श्रीरामनवमी के दिन इनका जन्म होने के कारण इनका नाम रामदास रखा गया । एक अन्य कथा के अनुसार, बचपन में ही उन्हें साक्षात प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए थे। सूर्यदेव की कृपा से सूयार्जी पन्त को दो पुत्र गंगाधर स्वामी और नारायण (समर्थ रामदास) प्राप्त हुए। समर्थ रामदास के बड़े भाई का नाम गंगाधर को सब 'श्रेष्ठ' कहते थे। वे आध्यात्मिक सत्पुरुष थे। उन्होंने सुगमोपायनामक ग्रन्थ की रचना की है। मामा भानजी गोसावी प्रसिद्ध कीर्तनकार थे।

सात वर्ष की अवस्था में उन्होंने हनुमान जी को अपना गुरु मान लिया। इसके बाद तो उनका अधिकांश समय हनुमानमन्दिर में पूजा में बीतने लगा। इसके साथ ही उन्होंने शक्ति के उपासक हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना की। समस्त भारत का उन्होंने पद-भ्रमण किया।



वे प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में उठकर प्रतिदिन बारह सौ सूर्यनमस्कार लगाते, तत्पश्चात गोदावरी नदी में खड़े होकर राम नाम और गायत्री मंत्र का जाप किया करते थे। मध्याह्न काल अर्थात दोपहर में सिर्फ पाँच घर की भिक्षा माँग कर वह प्रभु श्रीराम को भोगलगाते थे। उन्होंने स्वयं एक रामायण लिखा। हिन्दुओं की दुर्दशा देखसमर्थ रामदास का हृदय संतप्त हो उठा और उन्होंने मोक्षसाधना के साथ ही अपने जीवन का लक्ष्य स्वराज्य की स्थापना द्वारा आततायी मुगल शासकों के अत्याचारों से जनता को मुक्ति दिलाना बना लिया। इसी प्रयत्न में उन्हें छत्रपति श्रीशिवाजी महाराज जैसे योग्य शिष्य का लाभ हुआ और स्वराज्यस्थापना के स्वप्न को साकार होते हुए देखने का सौभाग्य उन्हें अपने जीवनकाल में ही प्राप्त हो सका। उस समय महाराष्ट्र में मराठों का शासन थाऔर शिवाजी महाराज समर्थ रामदास के कार्य से बहुत प्रभावित हुए । इतना प्रभावित कि जब इनका मिलन हुआ, तब शिवाजी महाराज ने अपना राज्य ही समर्थ रामदास की झोली में डाल दिया। इस पर रामदास ने शिवाजी से कहा- यह राज्य न तुम्हारा है न मेरा। यह राज्य भगवान का है, हम सिर्फ.इसके न्यासी हैं ।शिवाजी समय-समय पर उनसे सलाह-मशविरा किया करते थे। छत्रपति शिवाजी और रामदास स्वामी पहली बार 1674ई० में मिले और शिवाजी ने रामदास स्वामी को अपना धार्मिक गुरु व मार्गदर्शक मान लिया था । उन्होंने शके 1603तदनुसार सन 1682में 73 वर्ष की अवस्था में महाराष्ट्र में सज्जनगढ़ नामक स्थान पर समाधि ली। समर्थ रामदास ने दासबोध, आत्माराम, मनोबोध,चौदह शतक ,जन्स्वभावा,पञ्च समाधी ,पुकाश मानस पूजा ,जुना राय बोध राम गीत आदि ग्रंथों की रचना की है। मानपंचक, पंचीकरण, चतुर्थमान, बाग प्रकरण, स्फूट अभंग इत्यादि समर्थ रामदास की अन्य रचनाएँ हैं। यह सभी रचनाएँ मराठी भाषा के ओवी नामक छंद में हैं।

# इंसान हैं बेटियां



वीणा कुमारी

कहने को तो आजाद है हम भी,
लेकिन ये आजादी पूरी नहीं।
लड़कियों के बारे में समाज की
सोच बदली नही।
ये देखकर मेरे मन में यह विचार
बार -. बार आता है।
क्यो समाज में आज भी लड़के
- लड़कियों में भेद - भाव किया
जाता है।
क्यों लड़की के पैदा होने पर
,घर में मातम सा छा जात है।
और लडको के पैदा होने पर
खुशियां मनाया जाता है।
आखिर लड़कियों को क्यों
बोझ समझा जाता है?
और लडको को अपना आने
वाला भविष्य माना जाता है।
घर देर से आए तो उसे ही क्यों
डाटा जाता है।
तुम लड़की हो अपने दायरे में
रहो, क्यो ये बात उसे हर दिन,हर
पल, हर क्षण,एहसास कराया
जाता है।
क्यो नही लड़कियों को लडको
की तरह आजादी से जीने दिया
जाता है।
ये देखकर मेरे। मन में यह
विचार बार - बार आता है।
क्यो समाज में आज भी लड़के
- लड़कियों में भेद - भाव किया
जाता है ।
लड़किया थोड़ी बड़ी हुई नही
की, उसे शादी के लिए मजबूर
किया जाता है।
और दहेज के नाम पर उनके,
साथ रोज अन्याय किया जाता है।
क्यो समाज में आज भी लड़के
- लड़कियों में भेद - भाव किया
जाता है।
हर किसी को इस दुनिया में
आने के लिए मां चाहीए।
कलाई सुनी न रहे इसके लिए
बहन चाहिए।
जीवन साथी के रूप के पत्नी
चाहिए।
लेकिन बेटी किसी को नही
चाहिए।
कोन समझाए समाज को की
मां, बहन, पत्नी ये सब किसी न
किसी की बेटी ही है।
अगर आज बेटी को मरोगे तो
कल मां, बहन, पत्नी कहा से
पाओगे।
हम लड़की है तो क्या
हुआ,हमे भी जीने का अधिकार
है।
हम भी लेते सांस है,पत्थर नही
इंसान है।
फिर समाज हमे क्यो नही
अपनाता है।
क्यो समाज में आज भी लड़के
-लड़कियों में भेद- भाव किया
जाता है?
(कोडरमा झारखंड)

# नवंबर में कब है छठ पूजा? नहाय-खाय, खरना से लेकर उषा अर्घ्य तक का पूरा कैलेंडर

**पंचांग** के अनुसार, हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से छठ पूजा का आरंभ हो जाता है। यह महापर्व पूरे चार दिनों तक चलता है। छठ पूजा का मुख्य व्रत कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को रखा जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और भविष्य के लिए सूर्य देव और छठी मैया की पूजा-अर्चना करती है। इस दौरान महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। यही वजह है कि इस व्रत को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। पहले दिन नहाय-खाय के साथ छठ पूजा की शुरूआत होती है। दूसरे दिन लोहंडा और खरना होता है। वहीं तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत का पारण किया जाता है और इसी के साथ इस पर्व का समापन हो जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल छठ पूजा कब से शुरू हो रही है।

**कब है छठ पूजा?**

एक पंचांग के अनुसार, कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि के साथ छठ पूजा का आरंभ हो जात है। वहीं षष्ठी तिथि को शाम के समय सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इस साल कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि 7 नवंबर को 12 बजकर 41 मिनट (ए एम) से आरंभ हो रही है, जो 8 नवंबर को 12 बजकर 34 मिनट (ए एम) पर समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार 7 नवंबर को ही सूर्य को संध्या अर्घ्य दी जाएगी।



**छठ पूजा 2024 कैलेंडर**

छठ पूजा का पहला दिन, 5 नवंबर 2024- नहाय खाय (मंगलवार)छठ पूजा का दूसरा दिन, 6 नवंबर 2024- खरना (बुधवार) छठ पूजा का तीसरा दिन, 7 नवंबर 2024- संध्या अर्घ्य (गुरुवार) छठ पूजा का चौथा दिन, 8 नवंबर 2024- उषा अर्घ्य (शुक्रवार)

**नहाय खाय का महत्व**

नहाय-खाय से छठ पूजा की शुरूआत होती है। नहाय खाय जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट होता है कि इस दिन स्नान करके भोजन करने का विधान है। नहाय खाय के दिन व्रत करने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं। यहि नदी में नहाना संभव न हो ते घर पर भी नहा सकते हैं। इसके बाद व्रती महिलाएं भात, चना दाल और लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करती हैं।

**खरना 2024**

छठ पूजा के दूसरे दिन को लोहंडा या खरना कहा जाता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को खरना का प्रसाद बनाया जाता है। इस दिन माताएं दिनभर व्रत रखती हैं और पूजा के बाद खरना का प्रसाद खाकर 36 घंटे के निर्जला व्रत का आरंभ करती है। इस दिन मिट्टी के चूल्हे में आम की लकड़ी से आग जलाकर प्रसाद बनया जाता है।

**तीसरा दिन संध्या अर्घ्य**

छठ पूजा के तीसरे दिन शाम के समय नदी या तालाब में खड़े होकर अस्त होते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। इसके साथ ही बांस के सूप में फल, गन्ना, चावल के लड्डू, ठेकुआ सहित अन्य सामग्री रखकर पानी में खड़े होकर पूजा की जाती है।

**चौथा दिन उषा अर्घ्य**

छठ पूजा के चौथे और आखिरी दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन व्रती अपने व्रत का पारण करते हैं। साथ ही अपनी संतान की लंबी उम्र और अच्छे भविष्य की कामना करते हैं।





पर्यावरण की चिंता

साभारः कॉटून मूवमेंट डॉट कॉम

## स्पीड न्यूज

### प्रेमचंद सोरेन आजसू में शामिल



रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड के वैष्णवी मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद सोरेन ने अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में हुए शामिल। गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद ने सभी का आजसू परिवार में हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए साधुवाद किया। सांसद ने कहा कि मुझे उम्मीद है आप सभी अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी हित एवं जनहित में काम करेंगे। यह आजसू पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों में उनके विश्वास का प्रमाण है। आपका यह समर्थन हमें और मजबूती देता है कि हम रामगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। मिलकर एक सशक्त और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ें। मौके पर मुकेश सिन्हा, देवकी महतो, महेंद्र महतो, केदार नाथ महतो, सतीश महतो, विशेश्वर महतो, प्रयाग मुर्मू, सुखदेव महतो, विनोद मरांडी, संतोष महतो आदि मौजूद थे।

### मांडू प्रखंड कांग्रेस की बैठक



कुजू। मांडू प्रखंड कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुमार महेश सिंह के अध्यक्षता में साडी स्थित श्री राम वाटिका के सभागार में मांडू प्रखंड कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में बारी-बारी से सभी वक्ताओं ने कहा कि मांडू विधानसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी से भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कुमार महेश सिंह के आने से मांडू प्रखंड कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिली एवम अभिभावक स्वरूप कुमार महेश सिंह के विचार एवं दिशा निर्देश मिलेगा। साथ ही उन्ही के निदेर्शों का पालन करते हुए आगामी मांडू विधानसभा चुनाव में मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी पूरे मजबूती के साथ चुनाव में अपनी ताकत झोकेगी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल को भारी से भारी मतों से विजय दिलाने का काम करेगी।

### अग्रसेन स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को स्मोक फ्री दिवाली कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से वायु और ध्वनि प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण का किस प्रकार हमारे स्वास्थ्य पर खतरनाक असर पड़ता है। बच्चों के बीच पोस्टर, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने स्मोक फ्री दिवाली के महत्व को दर्शाया। विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया पोस्टर, पेंटिंग और रंगोली ने सबों का मन मोह लिया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हम पहले से ही खराब पर्यावरण से जूझ रहे हैं। जिसका मनुष्य और जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। दिवाली में फोड़े जाने वाले बेतहाशा पटाखों से फैलने वाला जहरीला धुआं और तेज ध्वनि इस स्थिति को और गंभीर बनाएगी। बीमार व्यक्तियों के लिए तो यह स्थिति और खतरनाक हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम सब दिवाली की खुशियां स्मोक फ्री दिवाली के रूप में मनाते हुए अपने पर्यावरण की सुरक्षा में भी सहयोग करें। बच्चों को इको फ्रेंडली पटाखे इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि इको फ्रेंडली पटाखे या ग्रीन पटाखे से पर्यावरण को कम नुकसान होता है। हवा में कम प्रदूषण फैलता है। ये पटाखे छोटे आकार के होते हैं और राख नहीं छोड़ते हैं। इनसे आवाज भी कम आती है।

### ओपी जिंदल स्कूल में मुक्त संवाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में शनिवार को अभिभावकों और शिक्षकों के मध्य संवाद और सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष अभिभावक शिक्षक मुक्त संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिंदल महिला क्लब की अध्यक्ष गुरदीप कौर का पुष्प गुच्छ और स्वागत गीत से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा से जुड़ी चिंताओं, समस्याओं और सुझावों को खुलकर साझा करने का अवसर मिला। कहा गया कि यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अभिभावकों की भूमिका को मजबूत करने में अहम भूमिका निभायेगी।

### बासल में जावा महुआ जब्त

भुरकुंडा (रामगढ़) ।रामगढ़ एसपी के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर बासल थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर पुलिस ने शनिवार को भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने बासल थाना क्षेत्र के ग्राम जराद के बहरा टुंगरी पहाड़ पर करीब 500 किलो तथा जतरू उरांव के घर से 200 किलो अवैध जावा महुआ जब्त किया गया है।

### स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान



रामगढ़ । विधानसभ चुनाव को लेकर जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान ।

# पति के अधूरे सपनों को पूरा करेगा पुत्र : साबी देवी

## तिलेश्वर साहू की पत्नी ने अरूण साहू के लिए मांगा समर्थन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** उरवां मोड़ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान शहीद तिलेश्वर साहू की पत्नी साबी देवी ने लोगों से अपने पुत्र अरूण साहू के लिए समर्थन की भावुक अपील की। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अरूण साहू को चुनाव में मत देकर जीत सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र में विकास और प्रगति का रास्ता खुल सके। साबी देवी ने जनता को याद दिलाया कि उनके पति तिलेश्वर साहू ने क्षेत्र के लिए अपने प्राणों की आहूति दी और आज उनका परिवार इसी समर्पण भावना के साथ क्षेत्र की सेवा के लिए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अरूण की जीत से हमारे क्षेत्र में विकास की नई लहर आएगी और सभी जरूरतमंदों को न्याय मिलेगा। लोगों ने भी इस अपील का स्वागत किया और अरूण साहू के प्रति अपना समर्थन जताया। कार्यकर्ताओ ने विश्वास जताया कि अरूण साहू की जीत से बरही और आसपास के क्षेत्रों में न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साबी देवी ने जनता को आश्वासन दिया कि अरूण के नेतृत्व में बरही में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के लोगों को उनके मुद्दों के समाधान के लिए हमेशा एक मजबूत नेतृत्व मिलेगा जो उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाएगा। मौके पर छोटन ठाकुर भी मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने दारू प्रखंड का किया दौरा

## डोर टू डोर लोगों से मांगा आशीर्वाद



खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड के कई गांवों में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने ताबड़तोड़ जनसंपर्क किया। जनसंपर्क की शुरूआत जिनगा से की गईं जहां लोगों ने पुष्प माला पहनाकर इन्हें भव्य स्वागत किया। इसके बाद लगातार रामदेव खरिका, कवालु, तिलैया, गोपलो, हरली, पेटो, बासोबर, बक्शीडीह, दारूडीह,सुल्तानी, पिपचो, चीरवा,बड़वार, बड़का ईरगा, छोटका इरगा इत्यादि गांवों में डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की । वोटरों का जबरदस्त रुझान भाजपा प्रत्याशी की तरफ नजर आ रहा है। वोटरों ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि वे इस बार भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगे और प्रदीप प्रसाद बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। शनिवार की सुबह बारिश की हल्की फुल्की फुहारों के बीच प्रत्याशी और भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर नजर आया। बारिश में भींगते हुए प्रचार लगातार जारी रहा और मतदाता भी प्रत्याशी का बढ़चढ़ फूल माला से स्वागत करते नजर आए। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। इस बार जनता ने सरकार को उखाड़ फेंकने का निर्णय ले लिया है। मतदाताओं का उन्हें पूरा आशीर्वाद मिल रहा है और उनकी जीत सुनिश्चित है। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, बलदेव बाबू,सुरेश प्रसाद,बसंत नारायण, राजन सिंहा, रौशन सिंहा, लक्ष्मी देवी, रामनारायण कुशवाहा अजीत कुमार रामस्वरूप कुमार, धनपत कुशवाहा, बबलू कुमार, मुरारी प्रसाद, दिलीप कुमार, रिंकू कुमार, अरविंद कुमार, नवल कुशवाहा, भारत कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

### अटल विचार मंच से जगतार सिंह ने भरा पर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बडकागांव विधानसभा से अटल विचार मंच के प्रत्याशी जगतार सिंह ने शुक्रवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया है। जगतार सिंह गाजे-बाजे के साथ अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं को लेकर भुरकुंडा से पैदल मार्च करते हुए मतकमा चौक पहुंचे। इसके बाद यहां से रामगढ़ के लिए रवाना हुए। इस दौरान लपंगा, घुटवा सहित कई जगहों पर कार्यकताओं ने अपने प्रत्याशी जगतार सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जगतार सिंह ने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि बडकागांव विधानसभा की जनता विकास की किरण से कोसों दूर है। यहां की जनता एक ही चेहरा को देख-देखकर उब चुकी है। इस बार निश्चित रूप से बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि बडकांगांव की जनता के विकास के लिए मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा।

# इस बार रोशन लाल चौधरी की जीत तय : अनुप ठाकुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के नामांकन रैली में शुक्रवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित भदानीनगर, बासल सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में एनडीए समर्थक चार पहिया व दो पहिया वाहनो से रामगढ़ के लिए रवाना हुए। रैली में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल मोटर साईकिल पर सवार होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थें। वहीं मतकमा चौक से सांसद मनीष जयसवाल के नेतृत्व में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित भाजपा व आजसू के हजारो कार्यकर्ता आपका विधायक कैसा हो रोशन लाल जैसा हो का नारा लगाते हुए अपने प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के नामांकन के लिए रवाना हुए।

इधर भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनुप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में भी दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता नामांकन रैली में शामिल हुए। मौके पर भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्याय अनुप कुमार ठाकुर ने कहा कि इस बार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है। सहयोगी दल व भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विधानसभा की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि इस बार रोशन लाल चौधरी की जीत तय है। रवाना होने वालो में अनूप कुमार ठाकुर, राजेश प्रधान, कृष्णानंद प्रसाद, रविंद्र कुमार, गणेश राम, शंकर सिंह, छोटू करमाली, अनुप, धर्मेंद्र यादव, हर्ष कुमार, बबलू करमाली, अक्कू हाजरा, छोटू करमाली सहित कई दर्जनों लोग शामिल थे।

### गिरधारी गोप और संतोष यादव बने राजद के प्रचारक





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रचार-प्रचार को लेकर राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने भदानीनगर कुरसे निवासी गिरधारी गोप राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष और रिभर साईड भुरकुंडा निवासी राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव को पार्टी का राष्ट्रीय स्टार प्रचारक बनाया है। इस बावत भोला यादव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयोग भारत और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में झारखण्ड में विधानसभा चुनाव प्रचार-प्रसार को ले 40 स्टार प्रचारको की सूची जारी की है। जिसमें भदानीनगर गिरधारी गोप रिभर साईड भुरकुंडा के संतोष सिंह उर्फ संतोष यादव को शामिल किया है। इधर स्टार प्रचारक बनने पर गिरधारी गोप और संतोष यादव ने कहा कि सौंपे गये दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करेंगे। साथ ही सबों को साथ लेकर राजद के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। गिरधारी गोप व संतोष यादव के मनोनयन से पतरातु प्रखंड राजद कार्यकताओं सहित समर्थकों में हर्ष का माहौल है। बधाई देने वालो में प्रेम साहु, बबन पांडेय, संतोष मिश्रा, जानकी ठाकुर, संजय यादव, वाहीद अंसारी, शौकत खान, अलाउद्दीन मंसूरी, सुभाष तिवारी, दिलीप सिंह आदि शामिल हैं।

# लायंस क्लब ने शीतला देवी मंदिर में किया भंडारा

▸▸ फूड फॉर हंगर के तहत 410 लोगों को कराया भोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 410 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। इस अवसर पर जेएसपी पतरातू सीएसआर की ओर आए हुए अतिथियों ने कहा की लायंस क्लब द्वारा चलाया जा रहा यह कार्यक्रम काफी सराहनीय पहल है। जेएसपीएल कंपनी द्वारा भी गरीबों की सेवा के लिए बहुत तरह के निःशुल्क कार्यक्रम किये जाते हैं। जरूरत पड़ी तो हमलोग भी ऐसे नेक कार्यों में बढ़-चढ़कर मदद करेंगे। मौके पर जिंदल कंपनी से आए हुए अतिथियों ने शीतला माता मंदिर प्रांगण में बेल का पौधा लगाकर इसके संरक्षण का आहवान किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी सहित क्लब के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### बटेश्वर मेहता ने चलाया जन संपर्क अभियान



इचाक । बरकट्ठा विधान सभा के निर्दलीय प्रत्यासी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने शनिवार को क्षेत्र भ्रमण किया। उन्होंने घूम घूम कर मतदाताओं से अपने समर्थन में वोट मांगा। कहा कि बरकट्ठा विधान सभा का सर्वांगीण विकास करने का अवसर हमें दें। और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में आपका समर्थन महत्वपूर्ण है। क्षेत्र के विकास के नाम पर मतदाताओं को दिग्भर्मित कर विधायक बने पर क्षेत्र का नही बल्कि स्वंय का विकास किया है। हम आपसे समर्थन मांगने आये हैं आप हमें अपना वोट देकर हमें विजयी बनाएं हम आपकी स्मिता को बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहा हूँ और भविष्य में आपका स्मिता बचाने के लिए अपनी सारी जीवन व्यतीत कर दूंगा। श्री मेहता करियातपुर में स्थानीय प्रोडक्ट मिक्चर का स्वाद स्वंय लेकर अन्य लोगो को भी कराया कहा की लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देना चाहिए। इस दौरान इन्होंने इचाक बाजार, कुरहा, बरवां, अलॉन्जा कला, अलॉन्जा खुर्द, मदनपुर, असिया, चंदा, करियातपुर, देवकुली फुरुका समेत कई गांवो में सम्पर्क किया। मौके पर मधुसूदन कुमार, राजीव कुमार, विनोद रवानी, सम्राट कुमार, कंचन मेहता, हीरेन्द्र मेहता, जयनारायण मेहता, नारायण मेहता, बुधनारायन मेहता, सरोज कुमार दास, लक्ष्मण मेहता, उमेश गिरी, कृष्णा मेहता, निर्मल महतो, मोहन कुशवाहा, किशोरी मेहता, विजय मेहता समेत कई लोग मौजद रहे।

### बेला में सिलेंडर फटने से एक की मौत, दो घायल

**बरही।** प्रखंड के ग्राम बेला कोल्हुआकला पंचायत में 17 अक्टूबर को सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के तीन सदस्य झुलस गए थे। रॉबिन चंद्रवंशी की पत्नी का शनिवार को असामयिक निधन हो गया जबकि रॉबिन। रॉबिन की मां की हालत चिंताजनक बताई जा रही है और उनका इलाज रांची के एक बड़े अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अहले सुबह प्रभावित परिवार से मिलने बेला पहुँचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर हादसे की जानकारी ली और अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। श्री यादव ने आश्वासन दिया कि वह पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद के लिए प्रयास करेंगे और प्रशासन से भी मदद की अपील करेंगे। इसके अलावा बरही विधायक सह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। महिला नेत्री साबी देवी भी पीड़ित परिवार से मिलीं और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि परिवार की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस हादसे से ग्रामीणों में शोक की लहर है और लोग परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके घर पहुँच रहे हैं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, छोटन ठाकुर, जमीरउद्दीन अंसारी, टेकलाल यादव, डिलो पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बड़कागांव में स्विफ्ट जागरूकता अभियान

**बड़कागांव।** स्विफ्ट जागरूकता अभियान के तहत बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने दिव्यांग पदाधिकारी के साथ जागरूकता अभियान चलाकर शपथ दिलाई। मंडल ने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए बीएलओ के माध्यम से विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी,ताकि हर दिव्यांग मतदाता अपना अपना मत का प्रयोग कर सके। उन्होंने आगे कहा कि सभी मतदान केंदों पर चुनाव आयोग के निर्देशन के आलोक में निरीक्षण कार्य जारी है। मतदान कर्मियों के लिए हर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि आज से बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र घर-घर जाकर मतदाता पहचान पत्र वितरण शुरू किया गया है जो मतदान के दिन तक भी जारी रहेगा। इस अवसर पर बीपीओ अरुण कुमार, दिव्यांग प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर राम,सचिन सोनी, प्रभावती देवी,मितलाल साव सहित अन्य उपस्थित थे।

### ऑब्जर्वर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधानसभा के जेनरल ऑब्जर्वर श्रवण कुमार द्वारा बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न मतदान केंदों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ऑब्जर्वर श्री कुमार ने मतदान केंद्र के कई बीएलओ एवं शिक्षकों से मतदान केंद्रों की जानकारी बारीकी से ली। उन्होंने उरीमारी चेकपोस्ट,उत्क्रमित मध्य विद्यालय उरीमारी,उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी,उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ सहित अन्य मतदान केंदों का अवलोकन किया। इस अवसर पर बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक तेजू साव,सुचित्रा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कोयला तस्करी में चालक गिरफ्तार

**बरही।** 25 अक्टूबर को वरिष्ठ अधिकारी की सूचना के आधार पर बरही थाना क्षेत्र के बिलौतिया मोड़ के पास एक पिकअप वाहन संख्या जेएच 10 सीयू 4952 की चेकिंग के दौरान बिना वैध कागजात के अवैध रूप से पोड़ा कोयला की तस्करी करते हुए पकड़ा गया। इसके संबंध में बरही थाना में कांड संख्या 434/24 के तहत धारा 317(5)/3(5) बीएनएस एवं 30( ) कोल माईनस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी अभियुक्त के रूप में पिकअप वाहन के चालक विंध्याचल यादव, पिता स्वर्गीय रामजन्म यादव, निवासी लमारी टोला, थाना पिरो, जिला भोजपुर (बिहार) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को 26 अक्टूबर को न्यायालय में पेश करने के लिए उचित मार्ग रक्षण में भेजा जा रहा है।

### कटकमसांडी प्रखंड में भाजपा मंडल की बैठक

कटकमसांडी । प्रखंड में भाजपा कटकमसांडी पूर्वी और पश्चिमी मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा और कैलाश यादव की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई। मुख्य अतिथि हजारीबाग यूपी भाजपा के राज्य सभा सदस्य दर्शना सिंह,जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, सदर विधानसभा विस्तारक प्रदीप मेहता, भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रेणु देवी पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा सहित कई लोग मौजूद थे। यूपी भाजपा के राज्य सभा सदस्य दर्शना सिंह ने कहा कि यह बैठक विधनसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर किया गया। उन्होंने और भी कहा की झारखंड में इस सरकार में कितना भ्रष्टाचार हुआ है यह बात किसी से छुपा नहीं है उन्होंने ओर भी बताया कि इस सरकार में सब से जायदा अगर बेखुफ युवा को बनाया गया है बहाली के नाम पर युवाओं को ठगा जा रहा है। जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू ने कहा कि भाजपा वंशवाद की राजनीति नहीं करती बल्कि यह कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करती है। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, जिला मंत्री रीतलाल यादव,पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा,मुखिया नारायण साव,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, मुखिया आदित्य दांगी,रामकुमार मेहता, हलधर यादवए मुनेश ठाकुर,महामंत्री बिरेंद्र कुमार बीरू,पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, एससी मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत रविदास,महामंत्री अरविंद यादव,पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता ,दीपक मेहता,युवा मोर्चा के अध्यक्ष,सुमन कुमार राय ,महिला मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुनीता यादव, बिजुल देवी,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गंगाधर पांडे,सरयू सिंह,रामू राम,सचिन मेहता,प्रकाश यादव,विजय दांगी,विनोद सिंह,समुद्र प्रसाद,घनश्याम यादव व अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### चतरा सांसद काली चरण सिंह को मिली नयी जिम्मेदारी

**चतरा।** चतरा के सांसद काली चरण सिंह को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभार केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी हैं। इधर सदस्य बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### बीडीओ ने किया बूथ का निरीक्षण

**चतरा।** जिले के हंटरगंज बीडीओ निखिल गौरव कमान कश्यप ने प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र कई बूथ केंद्रो का निरीक्षण किया। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार, जनसेवक विनोद चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मतदान केंद्र का निरीक्षण के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए भी लोगों को जागरूक किया।

### एकल विद्यालय का एक दिवसीय बैठक संपन्न

**चतरा।** शुक्रवार को पत्थलगड़ा के मां दक्षिणेश्वरी भगवती मंदिर प्रांगण में एकल विद्यालय पत्थलगड़ा संच का एक दिवसीय बैठक किया गया बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा में देश हित और झारखंड में वर्तमान महागठबंधन सरकार के जिस तरह हिंदुओं पर अत्याचार, बांग्लादेश से आए मुसलमान को संरक्षण गौ तस्करी, गौ हत्या भ्रष्टाचारी विकास विरोधी सरकार को रोकने के लिए प्रत्येक हिंदुओं के घर जाकर हिंदू को जागना होगा। प्रत्येक हिंदुओं के घर मतदाता पत्र लेकर सभी को हिंदू हित के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित करना सहित कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया।

### साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**इटखोरी।** शुक्रवार को साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में चतरा जिले के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए कहा कि पेंटिंग बच्चों के जीवन का मूल आधार है।

### इंटरसिटी एक्सप्रेस से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**कोडरमा।** ऑपरेशन सतर्क के तहत निरीक्षक प्रभारी सीआईबी धनबाद द्वारा प्राप्त मुखबीरी सूचना के अनुपालन व निरीक्षक प्रभारी कोडरमा के निर्देशन में सउनि शशिकान्त तिवारी साथ प्रआ.मो. तनवीर खान प्रआ. फुलचन्द महतो, आरक्षी भगवान ओझा, आरक्षी अमित कुमार वर्मा, आरक्षी विकास कुमार सभी रेलवे सुरक्षा बल धनबाद एवं सउपनि मुर्शिद आलम खान, आरक्षी सोनू कुमार दोनों रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान गाड़ी संख्या 13305 अप धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्स. कोडरमा स्टेशन प्लेटफार्म संख्या-4 पर समय 07:46 बजे आयी। उसके आगमन पर सामान्य कोच संख्या इसी-064208 को चेक किया गया, जिसमें आठ अलग-अलग झोला व बैग में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जप्त शराब को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द करने हेतु बताया गया है।

### दुखनी आहर में डूबने से एक युवक की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू कॉलोनी स्थित दुखनी आहर में डूबने से न्यू कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय समीर कुमार उर्फ मासूम पिता सुखदेव सिन्हा की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक तालाब में नहाने के लिए गया हुआ था, इसी दौरान गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के वक्त युवक की मां तालाब में कपड़ा धो रही थी। युवक की मां शोर मचाने लगी तो बाद में आसपास के लोगों ने युवक को तालाब से बाहर निकाला। जिसके बाद युवक को सदर अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर चिकित्सक नहीं रहने के कारण मौजूद कर्मियों द्वारा जांच किया गया।

# सामान्य प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाये गए ईवीएम डिस्पैच सेंटर और रिसीविंग सेंटर का सामान्य प्रेक्षक माल सिंह भयड़िया ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त और शांतिपूर्ण तरिके से निर्वाचन कार्यों को सम्पादन करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किये गए तैयारियों की जानकारी ली, साथ ही ईवीएम विविपैट की कमीशनिंग, ईवीएम के वेयरहाउस से डिस्पैच सेंटर तक पहुंचाने तथा डिस्पैच सेंटर में सुरक्षित रख रखाव, बिजली आपूर्ति, स्ट्रांग रूम, सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे, सेंटर में प्रतिनियुक्त सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी लिया। मौके पर एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, डीटीओ विजय कुमार सोनी आदि मौजूद थे।

## छोटी बड़ी सभी प्रकार के वाहनों को सघनता के साथ करें जांच : माल सिंह

डिस्पैच सेंटर का औचक निरीक्षण के उपरांत सामान्य प्रेक्षक मालसिंह भयडिया ने बरियारडीह स्थित चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा किये जा रहे वाहनों की जांच पंजी का अवलोकन किया, साथ ही मौजूद पदाधिकारियों को हर आने जाने वालों छोटी बड़ी सभी वाहनों का सघनता से जांच करने, जांच के दौरान आपत्तिजनक चीजें बरामद होने पर तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने आदि का निर्देश दिया। इसके बाद सामान्य प्रेक्षक ने डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया, नावाडीह, बगड़ो समेत अन्य जगहों पर अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

## खराब मौसम के बीच भी नहीं रुका जनसंपर्क अभियान



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए मात्र चौदह दिन का समय शेष है। इसी बीच दाना तूफान के कारण पिछले 2-3 दिनों से लोगों को घरों में रहने को विवश होना पड़ा है। वहीं शनिवार को पूरे दिन रिमझिम बारिश होती रही, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा, बावजूद निर्दलीय प्रत्याशी और पूर्व जिप अध्यक्ष का उत्साह कम नहीं हुआ एवं बारिश की परवाह किए बिना डोमचांच, मरकच्चो के पैसरा, उपरबाद, रतनपुर, खरखार, अंबेडकर नगर, पासवान टोला, कांदू टोला सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान, डोमचांच नगर पंचायत के माथाडीह निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कोतूहल पंडित के निधन की खबर सुनकर उनके निवास पर जाकर परिजनों को सांत्वना दी और शोक संवेदना प्रकट की। इसके पूर्व उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों से मुलाकात की और आशीर्वाद मांगा। मौके पर मो. हदीश अंसारी, मो. जहांगीर, मो.सदिक, तहरुल निशा, अनुज सिंह, श्याम सुन्दर सिंह, दिपक सिंह, प्रियंका कुमारी, अंजू देवी, प्रीति यादव, माधुरी देवी, सिबा सिंह, दिनेश दास, प्रभु दास, गीता देवी, उपेंद्र पासवान, गुड़िया देवी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## विस चुनाव को लेकर राजद की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए कोडरमा से राजद प्रत्यासी शुभाष यादव के नामांकन करने के बाद विधानसभा जितने को लेकर पहली बैठक शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित मरकच्चो पानी टंकी के समीप किया गया।

बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष मरकच्चो विजय कुमार सिंह व संचालन पार्टी के वरीय नेता डॉ. जावेद आलम ने किया। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को कई दिशा-निर्देश दिए गए। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता को उत्साहित करने के लिए विशेष अभियान चलाकर कार्य करने को कहा गया, चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन व मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं को सजग रहने को कहा गया। बैठक को पार्टी युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, डॉ. जावेद आलम, अशोक यादव, शांति प्रिया, प्रेम प्रकाश, श्यामदेव यादव, दामोदर यादव, मो. खलील अंसारी, बबलु यादव, सरफराज नवाज, सरफुउद्दीन अंसारी, मनिंद्र राम, राजेश पासवान, मो. नूर आलम, विदेशी दास, रवि शंकर सिंह रिंकू, अशोक दास, भुनेश्वर यादव, दिवाकर तिवारी, तौकीर आलम ने संबोधित किया। मौके पर गोविंद यादव, राजु यादव, रणजीत यादव, दीपक कुमार, उदय यादव, आलोक दास, देवी सिंह यादव, मनोज सिंह यादव, राजु यादव, श्याम बिहारी यादव लल्लु, मिन्हाज अंसारी, मुमताज अंसारी, रामेश्वर मुर्मुर, अभिषेक यादव, यमुना यादव, सिकन्दर अंसार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इसके साथ ही अभिभावकों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 100 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य रखा गया। इस प्रोग्राम में प्रिंसिपल राहुल घोष ने बताया कि बच्चे अपने माता पिता एवं पड़ोसियों को मतदान करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करें, ताकि सही नेतृत्व करने वाले का चुनाव हो।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालय में शनिवार को पोस्टर मेकिंग तथा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवा नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित करना है। छात्रों और कर्मचारियों के बीच समान रूप से लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक सक्रिय कदम में मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) पहल के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग कार्यकम में छात्रों ने शानदार पोस्टर्स का निर्माण किया जिसका विषय चुनाव से सम्बंधित था। इसके बाद छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकली एवं उपस्थित जनसमूह से आगामी विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अपील की। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा की इस तरह के जागरूकता अभियान से हमारे देश की आने वाली पीढ़ी अभी से अपने मताधिकार के प्रयोगों के बारे में जागरूक हो रही है और इससे हमारा देश विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मौके पर उत्तम कुमार लाहा, राणा तेजस्वी, तनुश्री सरकार, कोमल घोष, शिक्षक कृष्णकांत मिश्रा, राहुल मिश्रा, शंकर बर्णवाल, विकास रंजन, पवन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में

## पेनाल्टी शूटआउट में कोडरमा ने साहिबगंज को 3-1 से हराया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** गिरिडीह में चल रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को कोडरमा जिला फुटबॉल टीम ने ट्राई बेकर में साहिबगंज को 3-1 से पराजित कर टूर्नामेंट के अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं 45-45 मिनट के इस कड़े मुकाबले में दोनों ही टीम संघर्ष करती दिखी। मैच के पहले हाफ में साहिबगंज के खिलाड़ी ने एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाने का काम किया। वहीं कोडरमा की ओर से आशीष कुमार ने मैच के दूसरे हाफ में एक बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। मैच के अंत तक दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने अपनी टीम को बढ़त दिलाने का लगातार प्रयास किया, मगर वह असफल रहे। अंत में फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिए हुआ, जिसमें कोडरमा की ओर से शुभम कुमार, दिव्यांशु राणा और अरविंद कुमार ने 1-1 गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाया। वहीं कोडरमा की ओर से गोलकीपर राहुल यादव ने कई बेहतरीन बचाव कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाया। बधाई देने वालों में मो. हुसैन अली, सुरेंद्र यादव, भारत बक्शी, सोनू कुमार, रोहित कुमार रघु, नागेश्वर राणा, संदीप सिन्हा, राजू सिंह, अनिता कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

### नार्को समन्वय केंद्र जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक

## जिले में अफीम की खेती व कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलायें: डीसी




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) के जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में अफीम की खेती और उसके कारोबारियों पर लगाम लगाने हेतु अब तक की कार्रवाई की थानावार जानकारी ली गई। साथ ही नशीले पदार्थों व अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति आमजनों के बीच चलाए गए जागरूकता अभियान की भी विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में निर्देशित करते हुए कहा जिले में अफीम की खेती व कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाएं। वैसे लोग जो भोले भाले लोगों को प्रलोभन देकर इस तरह के कार्य करते हैं उसको किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय यह सुनिश्चित करें। आगे कहा जो भी लोगों की संलिप्ता देखी जाती है उसके ऊपर भी नियमसंगत कठोर कार्रवाई करें। थाना प्रभारियों द्वारा बताया गया कि जैसे ही अफीम की खेती या कारोबारियों के बारे में सूचना प्राप्त होती है उसपर वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई की जाती है। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और वन विभाग के साथ प्रखंड स्तर पर टीम का गठन करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा रैयती भूमि पर अगर अफीम की खेती की जा रही है तो जमीन मालिक व उसमें संलिप्त लोगों के ऊपर कार्रवाई करे। वहीं सरकारी भूमि व वन भूमि पर भी अफीम की खेती के रोकथाम हेतु करा कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा प्रत्येक माह थाना स्तर पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की जाएगी। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, वन विभाग के संबंधित पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने अफीम की खेती के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने अफीम खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत राजगुरु, पहशवार, कुरखेता, पिंडराकॉल और गुबे गांवों में वन क्षेत्र राजपूर के पदाधिकारियों के साथ मिलकर लोगों को अफीम और गांजा की खेती के नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को शपथ दिलाई गई कि वे अफीम की खेती नहीं करेंगे। उन्हें इसके दुष्प्रभावों और नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर बच्चों और बुजुर्गों को चॉकलेट बिस्किट भी वितरित किए गए। महिलाओं को विशेष रूप से जागरूक किया गया ताकि वे अपने परिवार के सदस्यों को इस खतरनाक खेती से दूर रख सकें। इस अभियान का उद्देश्य अफीम की अवैध खेती को रोकना और लोगों को इसके नुकसान से बचाना है।

एक नजर में

## भाजपा में कांग्रेस और राजद के कार्यकर्ता हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** शनिवार को भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास ने बागेश्वरी बलबल मंदिर में पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति व अपनी सफलता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने द्वारी, गांगपुर गिद्धौर सहित अन्य गांवों का दौरा किया और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन पर विश्वास जताती है तो वह उनके विश्वास पर खरे उतरेंगे और उनके पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करना उनका पहला लक्ष्य होगा। दौरे के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### भाजपाइयों ने दी बधाई

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी ने डॉ रविन्द्र राय को झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कोडरमा के भाजपाइयों ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय कमेटी जेपी नड्डा के प्रति आभार जताया है। जिला अध्यक्ष अनुप जोशी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में डॉ.रविंद्र राय के द्वारा विधानसभा चुनाव में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। बधाई देने वालों में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, रवि मोदी, नितेश चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, रमेश सिंह, देवनारायन मोदी आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



खबर मन्त्र संवादाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाताओं से ही लोकतंत्र मजबूत होगा, इसलिए सभी मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लेना चाहिए। प्रो0 ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि एक एक मत महत्वपूर्ण है इसलिए जाति धर्म से उपर उठकर योग्य और ईमानदार उम्मीदवार का ही चुनाव करें। किसी भी लालच में नहीं पड़े। राष्ट्र धर्म का पालन करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान अवश्य करें।

## ग्रिज़ली विद्यालय के छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**कोडरमा।** स्कूल गेम्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में कुल 28 अलग-अलग खेलों का ओपेन ट्रायल आयोजन किया गया, जिसमे ग्रिजली विद्यालय के दो छात्र सचिन कुमार यादव एवं अभिषेक कुमार यादव का चयन 7-11 नवंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो जम्मू कश्मीर के एमए इंडोर स्टेडियम भगवती नगर में खेला जाना है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद भी अतिआवश्यक है।

## कांग्रेस राजद व झामुमो के नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में मतदान को लेकर शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, राजद के रामदेव यादव व जेएमएम के मनोज कुमार वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया। कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के बारिसाखी, मंझगांवा, तार घटेरी, सिंदुआरी सहित अन्य गांव का दौरा कर मनोज चंद्रा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। कहा कि भाजपा के विधायक पिछले 5 वर्ष में सिमरिया में क्या-क्या किया लोग जानते हैं।

## लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में एक युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवादाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिलैया थानान्तर्गत उजाला कॉम्पलेक्स के समीप आम लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उजाला कॉम्पलेक्स के पास आम लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई। इस दौरान एक अभियुक्त 23 वर्षीय सुमन कुमार पिता अशोक कुमार सिमरीडीह थाना वारशलीगंज नवादा (बिहार) वर्तमान पता भाड़े में ताराटांड़ वार्ड न:-14 थाना तिलैया कोडरमा निवासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा वट्सएप चैट के माध्यम से संपर्क स्थापित कर लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेजों से छेड़-छाड़ कर उन्हें भेजता था एवं मोबाइल से वीडियो कॉल के जरिए संपर्क स्थापित करता और स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर अश्लील वीडियो बनाकर पीड़ितों को भेजता था, फिर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे की मांग करता था।

### लातेहार और मनिका सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर दिया गया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सामान्य प्रेक्षक 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र कुमार प्रशांत, सामान्य प्रेक्षक, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र कृष्णा कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रेक्षक, 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र, जी पाला राजू, व्यय प्रेक्षक सुनी मैथ्यूज उपस्थित थे।

**स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर दिया गया निर्देश**



बैठक करते पदाधिकारी।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा सामान्य प्रेक्षक को 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी कोषांग द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार से समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों की समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा क्षेत्रों के मतदाताओं की संख्या तथा जेंडर रेशियो की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित हो, ताकि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को कठिनाई न हो। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान के दिन व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग के तहत वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, सामग्री व आइटी कोषांग द्वारा की गयी तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, सभी वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, सहयोगी पदाधिकारी, सभी कोषांग समेत निर्वाचन के कर्मी उपस्थित थे।

## छठ महापर्व को लेकर रवि सिंह की अध्यक्षता में स्वयं सेवी संस्था की हुई बैठक


बैठक करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल प्रतिछा में स्वयं सेवी संस्था हिंद भारती के अध्यक्ष रवि सिंह की अध्यक्षता में की संस्था के सदस्यों की एक बैठक हुई। बैठक में आने वाले त्योहार लोक आस्था के पर्व छठ के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा छठ तलाब में लाइट,साउंड की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया। वही समिति द्वारा व्रतियों को किसी तरह का कोई परेशानी ना हो इसके लिए विभिन्न छठ घाट की साफ-सफाई भी कराई जाएगी। मौके पर बोलते हुए अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि समिति द्वारा इस वर्ष भी लागत मूल्य से भी कम दाम पर दूध की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया है। मौके पर संस्था सदस्य रवि रजक, कैलाश यादव,सोनु सिंह, विशेष कुमार, विनोद कुमार अखिलेश भोक्ता, हिमांशु कुमार, नीरज कुमार, अनिल गुप्ता, अनिल प्रजापति, सुरेंद्र कुमार, लाल देव भोक्ता बबलू चौरसिया, अमरकांत रजक, पिंकू साव, संजू ओझा, अशोक कुमार बोरिंग, प्रमोद कुमार, (गुड्डू) ऋषि कुमार, मौसम सिंह, हेमंत कुमार, संदीप प्रजापति, अर्जुन कुमार, सनी पांडे, शामिल रहे।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मानने को लेकर बैठक

**चंदवा।** बिरसा मुंडा स्मारक समिति गुरीटांड के तत्वाधान में आगामी 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को भव्य तरीके से मनाने को लेकर समिति की बैठक शुक्रवार को स्मारक परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बबन मुंडा ने की। बैठक में जयंती के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर गंभीरता से चर्चा किया गया साथ में कई जरूरी निर्णय भी लिए गए। समिति के अध्यक्ष बबन मुंडा ने बताया कि अगली बैठक 3 नवंबर रविवार को रखी गयी है, जिसमें कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर संचालन कमेटी का भी गठन किया जाएगा। बैठक में समिति के कई सदस्य शामिल थे।

## झामुमो प्रत्याशी वैद्यनाथ राम पहुंचे चंदवा

- कार्यकर्ताओं से की मुलाकात, पार्टी कार्यालय खोलने को लेकर स्थल का भी किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मौके पर मौजूद बैद्यनाथ राम व कार्यकर्ता ।

चंदवा। सूबे के निर्वतमान मंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी वैद्यनाथ राम शनिवार को चंदवा पहुंचे, जहां होटल मयूर इंटरनेशनल परिसर में चुनावी कार्यालय खोलने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया साथ हीं इंडी गठबंधन दल के नेताओं के साथ आगामी चुनाव को लेकर तैयारी के निमित्त गंभीर चर्चा करते हुए एक बार फिर से हेमंत सोरेन सरकार को राज्य की सत्ता में लाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाने की बात कही। कार्यकताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वैद्यनाथ राम ने कहा कि राज्य में चुनावी रणभेरी बन चुकी है व पहले चरण में चुनाव को लेकर नॉमिनेशन की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। 1 तारीख से प्रचार प्रसार का दौर भी शुरू हो जाएगा, उससे पूर्व तैयारी को पुख्ता करने समेत जरूरी प्रक्रिया व कार्यों को पूरा करने को लेकर आना हुआ था। आगे कहा गठबंधन दल के कार्यकर्ता के साथ राज्य की जनता तैयार है कि पुनः राज्य में हेमंत सरकार को लानी है। कार्यकताओं से मिलने के उपरांत वैद्यनाथ राम इंदिरा गांधी चौक पहुंचे जहां गुड्डू टी स्टॉल पर चाय की चुश्कि के साथ लोगों से मुलाकात की, इसके पश्चात सुदूरवर्ती गोली ग्राम भी पहुंचे। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, युवा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, जिला संगठन सचिव सुमन सुनील सोरेंग, हरि भगत, मनोज चौधरी, डब्लू प्रजापति, ब्रह्मदेव प्रजापति, बबलू राही, संजय साव, राजकुमार साहू, मो. सरफराज, मो. रशीद खान, रामपाल उरांव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बीएलओ के बीच मतदाता पर्ची का हुआ वितरण, दिया गया दिशा निर्देश


बैठक करते लोग।

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई जानकारियां साझा की। बीएलओ के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। स्वीप कार्यक्रम की जानकारी देते मतदान प्रतिशत बढ़ाने, वोटर इनफारमेशन स्लिप के साथ वोलेंटियर्स समेत अन्य जानकारियां दी गई। नोडल पदाधिकारी लव कुमार ने पर्ची वितरण के दौरान अनुपस्थित व शिफ्टेड वोटरों को सूचीबद्ध करने के दौरान सावधानी बरतने की बात कही। मौके पर बालेश्वर उरांव, किशन कुमार, विद्या रानी, रंथी देवी, सुकृता देवी, सुषमा पद्मावती देवी, यशोदा देवी, शिव कुमार समेत बीएलओ व अन्य मौजूद थे।

## जिले अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक: सामान्य प्रेक्षक


निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत के द्वारा 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या 187 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोवा), बूथ संख्या 245, 246 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसुर), बूथ संख्या 168 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुरूप), बूथ संख्या 180 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पकरार), बूथ संख्या-184 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जगलदगा) का भ्रमण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप आदि सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे सामान्य प्रेक्षक ने बीएलओ, सुपरवाइजर को शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान अध्यनरत छात्राओं से बात चीत के क्रम में उन्होंने कहा कि मतदान तिथि 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे देश के भविष्य हैं। इसलिए उन्हें स्वेच्छा से मताधिकार के लिए अभिभावकों, आसपास रहने वाले लोगों तथा संबंधियों को जागरूक करें। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, लातेहार मनोज तिवारी आदि उपस्थित थे।

## स्टीकर अभियान के तहत वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर किया गया लोगों को जागरूक


स्टीकर लगाते पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज लातेहार शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता से संबंधित स्टीकर अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से लातेहार एन एच की सड़क पर आने जाने वाले वाहनों पर 13 नवंबर को रहे, तैयार वोट करेगा लातेहार मतदाता जागरूकता स्टिकर लगाकर लोगों के बीच मतदान की तिथि का प्रचार प्रसार करते हुए सभी से मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार, जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## मतदाताओं को मतदान करने की दिलाई गई शपथ


शपथ लेते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रशासनिक पदाधिकारियों के निर्देश पर स्वच्छ और स्वस्थ मतदान को लेकर बीएलओ द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण मतदाताओं के बीच किया जा रहा है। मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण के दौरान उन्हें जागरूक करते हुए मतदाता प्रतिज्ञा भी कराई जा रही है। शपथ के दौरान यह कहा जा रहा है कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतंत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम का लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ग्लिटर त्रिवेणी स्कूल द्वारा विज्ञान, कला सह हस्तशिल्प प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

- कार्यकताओं से की मुलाकात, पार्टी कार्यालय खोलने को लेकर स्थल का भी किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


हस्तशिल्प प्रदर्शनी को देखते अतिथि।

**चंदवा।** चंदवा के लुकुईया के समीप स्थित ग्लिटर त्रिवेणी पुब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को विज्ञान, कला सह हस्तशिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने शौर्य मंडल, अग्नि मिसाइल, एयर डिफेंस सिस्टम, वाई-फाई जैमर, वॉटर प्यूरीफायर, ब्लू टूथ सिस्टम समेत कई प्रदर्शनी के जरिये अपनी हुनर व कला को बखूबी प्रदर्शित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व रणजी खिलाड़ी अजातशत्रु व समाजसेवी राजेश चन्द्र पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इसके उपरांत अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शनी का अवलोकन किया व बच्चों के प्रयास को खूब सराहा। अतिथियों ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ खेल एवं विभिन्न प्रकार की प्रतिभा को मंच देने का काम कर रही है। निश्चित तौर पर ऐसे आयोजनों से बच्चों को काफी कुछ सिखने को मिलेगा। विद्यालय की निदेशिका कादंबरी सिंह ने कहा कि 10 वर्षों से विद्यालय परिवार का प्रयास रहा है कि चंदवा जैसे छोटे शहर में भी विद्यार्थियों को वह सुविधा और परिवेश मिले जो बड़े शहरों में विद्यार्थियों को मिलती है। इसको लेकर विद्यालय लगातार काम कर रहे हैं।

मौके पर विद्यालय के शिक्षक हिमांशु सिंह,सुमंत सिंह, अभिजीत कुमार, रोशन कुमार, कृति गुप्ता,हिना फरहीन व साहिना खान समेत काफी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### झारखण्ड चिन्हित आंदोलनकारी स्व.मुरलीधर प्रसाद को किया गया याद, दी गयी श्रद्धांजलि

# ब्रह्मभोज में शामिल हुए आंदोलनकारी सहित कई नेता व गणमान्य


श्रद्धांजलि अर्पित करते आंदोलनकारी।



मुरलीधर प्रसाद मार्ग का किया गया नामांकन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखण्ड चिन्हित आंदोलनकारी श्रद्धेय मुरलीधर प्रसाद चौरसिया की बीते 13 अक्टूबर को हुए असामयिक निधन के उपरांत शनिवार को मेन रोड स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि समारोह सह ब्रह्मभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों आंदोलनकारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शामिल होकर उनकी छाया चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन काल को याद किया। इसके पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों आंदोलनकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जहां आंदोलनकारी सतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण में मुरली दा का योगदान अविस्मरणीय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसके अलावा समाज एवं क्षेत्र के विकास में भी मुरली दा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी स्मृति हमारे शहीदों में सदा जीवित रहेगी। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि मुरली दा ने झारखंड आंदोलन में बलिदान और योगदान देने वाले सभी आंदोलनकारियों को सरकार के माध्यम से चिन्हितिकरण कराने के साथ-साथ उनके हक-अधिकार और मान-सम्मान दिलाने के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी थी। जिसे आने वाले पीढ़ी भी याद करेगी। बता दें कि आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति हुई।

### स्व.मुरलीधर प्रसाद मार्ग का हुआ अनावरण

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत आंदोलनकारी नेताओं ने स्व.मुरलीधर की स्मृति में मुरलीधर प्रसाद मार्ग का नामांकन किया। आंदोलनकारियों ने बताया कि मुरली दा के सम्मान में जल्द ही उनकी प्रतिमा का भी अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभात कुमार, रमेश कुमार, संजय कु. चौरसिया, अरविंद कु. चौरसिया, जय कुमार, गौतम कु.चौरसिया के साथ- साथ विश्वनाथ प्रसाद, सतेंद्र सिंह, दीनानाथ राम, नागेंद्र प्रसाद, बिरेंद्र ठाकुर, शशि भूषण तिवारी, विक्टर केरकेट्टा, रामनाथ गंझू, राजू उरांव, विजय कु.भगत, सुरेंद्र प्रसाद, प्रदीप सिन्हा, संतोष कुमार, दीनानाथ उरांव, विलंगना किंडो, आशा देवी, रतिया उरांव, कन्हाई प्रसाद, अली हुसैन, विनोद प्रसाद, अशोक कु.सिंह, ध्रुव बिगन सिंह, ललन तुरी, बंधु सिंह, ओमप्रकाश दुबे, मदन लाल, मनबहाल सिंह और उदय प्रसाद समेत सैकड़ों आंदोलनकारी और गणमान्य लोग शामिल थे।

## बाइक से गिरकर दो हाइवा हुए दुर्घटनाग्रस्त दो घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बालूमाथ।** डीही मुरूप पथ पर शनिवार की देर शाम पकरी ग्राम के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमे कुलदीप कुमार 24 वर्ष पिता डोमन साहू एवम दीपक कुमार 26 वर्ष पिता इंदरदेव साव दोनो ग्राम टमटम टोला थाना बालूमाथ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलो को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा दोनो घायलो का प्राथमिक उपचार किया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक हाइवा के चालक है तथा तुबैद कोलयारी में हाइवा खड़ा कर बालूमाथ टमटम टोला अपने घर आ रहा था। तभी पकरी ग्राम के पास बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे गिरकर दोनों युवक घायल हो गया।

## स्पीड न्यूज

### शराबबंदी जागरूकता कार्यक्रम में मद्यनिषेद मंत्री का मधुबनी आगमन



**मधुबनी।** शराबबंदी को जागरूक करने को राज्य के मद्यनिषेद मंत्री रत्नेश सदा का शनिवार को देर शाम मधुबनी आगमन हुआ। मद्यनिषेद उत्पाद एवं निबंधन विभाग मंत्री रत्नेश रविवार को शराबबंदी को जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेंगे। मंत्री रत्नेश सदा द्वारा रविवार को जिला के महादलित बस्ती में शराबबंदी पर आयोजित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में सम्मिलित होना है। मद्यनिषेद मंत्री जीविका द्वारा आयोजित जागरुकता अभियान में रविवार को भाग लेंगे। कार्यक्रम में शराब के दुष्प्रभाव को लेकर लोगो को जागरूक किया जाएगा। डीपीआरओ परिमल कुमार ने बताया कि मंत्री मद्यनिषेद के निर्धारित कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण चाक-चौबंद प्रशासनिक व्यवस्थित इन्तजाम में कर लिया गया।

### प्रो. आसिफ बने जामिया मिलिया के कुलपति



**पूर्वी चंपारण।** जिले के पताही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवापुर पंचायत के लहसनिया गांव निवासी स्वर्गीय जियाउल हक के पुत्र प्रोफेसर मजहर आसिफ को देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक जामिया मिलिया इस्लामिया के कुलपति बनाया गया है उन्हें जामिया के 16वें वाइस चांसलर के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर मजहर आसिफ तीन भाई एवं एक बहन में सबसे बड़े है उन्होंने प्राथमिक शिक्षा लहसनिया मदरसा से किया उसके बाद बेतिया से 10वीं, पटना से इंटर एवं उसके बाद सारी डिग्री जेएनयू से पूरी की। दूरभाष पर ये सारी जानकारी प्रोफेसर मजहर आसिफ के छोटे भाई मखमूर अनवर के द्वारा दिया गया साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा मजहर आसिफ को जामिया मिलिया इस्लामिया का कुलपति नियुक्त किया है। नवंबर 2023 में नजमा अख्तर का कार्यकाल खत्म होने के लंबे समय बाद उन्हें वीसी बनाया गया है।

### हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले की मुफस्सिल थाना की पुलिस ने दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) विवेक दीप ने शनिवार को यहां बताया कि मुफस्सिल थाना के दारोगा जितेंद्र कुमार गश्ती पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए बेतिया छपवा पथ में मछली लोक के समीप चार युवक संदिग्ध हालत में खड़े है। सूचना की जानकारी उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दी। इस आलोक में सत्यापन के लिए एक टीम का गठन करते हुए संभावित स्थल पर भेजा गया। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने जीतेंद्र कुमार का सहयोग करते हुए दो युवको को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के जौकटिया निवासी साकिर आलम एवं लालसरैया निवासी इरफान आलम के रुप में हुयी। दो युवक मौके से फरार हो गए।

## भाजपा को बड़ा झटका, जिला मंत्री चंदन जायसवाल 400 से अधिक समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल

# लोकतंत्र में जनता व पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं : मिथिलेश

### भाजपा में समर्पित कार्यकर्ता रहते हैं उपेक्षित: चंदन



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला भाजपा में दरार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पार्टी के काफी प्रभावशाली युवा नेता जिला मंत्री चंदन जायसवाल पार्टी से त्याग पत्र देने के बाद अपने 400 से अधिक समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। शनिवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालो में मुख्य रूप से चंदन जायसवाल सहित मनीष कमलापुरी, गौरव जायसवाल, डॉ अशोक सोनी, संजय सिंह अग्रहरी, अमित केशरी, रवि केशरी, पंकज बघेल, रूपेश गुप्ता, पियुष गुप्ता, पप्पु, गौतम शर्मा, संतोष चंद्रवंशी सहित 400 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। सभी ने मंत्री श्री ठाकुर को निश्चित रूप से भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता इस बार अपना ही रिकार्ड तोड़ेगी। इस बार उन्हें 50 हजार मतों से जीत दिलायेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें 10 साल मौका दी वे चैक-चैराहे पर भी कहते फिरते हैं कि पार्टी से टिकट लेना और जनता का वोट लूटना बहुत आसान है। वे जनता को जात, पात, हिंदु, मुस्लिम में बांटकर, आपस में तोड़ कर, पैसों से खरीद कर जनता का वोट आसानी से ले लेंगे। इस तरह की बातें जनता का घोर अपमान के साथ-साथ लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है। जनता ने काम करने का मौका दी तब वे 10 साल में विधायक निधि का 40 करोड़ रुपए अपने घर में डाल दिया। 2009 से 2019 तक के विधायक निधि का कहीं एक शिलापट्ट भी नहीं दिखता है। वे अपने घमंड में इतना चूर हैं कि जिस दल के लोगों ने जीताया उसे भी अपने पांव की जुती समझते रहे। मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता और पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। कुछ लोग अपने कुटिल चाल से पार्टी विशेष का टिकट लेकर एवं जनता को बेवकूफ बनाकर चुनाव जीतना चाहते हैं। जनता इनके मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। आज भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को ठेस पहुंची। इस कारण काफी संख्या में आज झामुमो में शामिल हो रहे। मौके पर झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, सुनील पासवान (नागर), विनोद बघेल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### क्या कहा चंदन जायसवाल ने

चंदन जायसवाल ने कहा कि भाजपा में समर्पित कार्यकर्ताओं की हमेशा उपेक्षा की जाती है। भाजपा नेता कार्यकर्ताओं का जरा भी ख्याल नहीं रखते हैं। मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज अपने सभी सहयोगियों के साथ झामुमो में शामिल हुआ हूं। इस बार मंत्री श्री ठाकुर को 50 हजार मतों से हम सब मिलकर जीतायेंगे।

## एफएसओ ने तीन दुकानों में की छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



छापामारी करते पदाधिकारी।

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र मुख्य बाजार में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना मिंज ने तीन दुकानों में छापेमारी की और रेडीमेड मिठाईयों का सैंपल लिया। बताते चलें कि 15 अक्टूबर को गोलगप्पे में हार्पिक एवं यूरिया जैसे जानलेवा केमिकल की मिलावट और पैर से गोलगप्पे के आंटा की गुथाई का वीडियो वायरल की खबर समाचार पत्रों में आने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग रेस हो गया है। वहीं जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना मिंज ने 16 अक्टूबर को गोलगप्पे (फुचका) का भी सैंपल लिया था और जांच के लिए भेजा था। जिसको लेकर बाजार क्षेत्र के होटल एवं दुकानों में बेची जा रही खाद्य सामग्री पर विभाग की पैनी नजर है। जिसको लेकर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के सामने गुप्ता मिष्ठान भंडार, बकरी बाजार स्थित राजू, गोलू की चाय दुकान एवं प्रसाद जनरल स्टोर में छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान मिष्ठान भंडार एवं चाय की दुकान से मिठाई एवं सोनपापड़ी का सैंपल कलेक्ट किया गया। उसके बाद छापेमारी की खबर अन्य दुकानदारों को लगी उसके बाद जानकारी के बाद प्रसाद जनरल स्टोर में रेडीमेड की मिठाई तलाशी गई और अलग-अलग तरीके से बने हुए लड्डू एवं सोन पापड़ी का सैंपल कलेक्ट किया गया। छापेमारी की खबर बाजार क्षेत्र में फैल गई उसके बाद लगभग सभी मिठाई की दुकान को दुकानदारों ने बंद कर दिया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना मिंज ने कहा कि मझिआंव बाजार क्षेत्र के तीन दुकानों से दुकानों में बने मिठाई और रेडीमेड मिठाई का सैंपल कलेक्ट किया गया है जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा। जांच के दौरान थाना प्रभारी आकाश कुमार के निदेर्शानुसार थाना एएस आई दिनेश मांझी, जिला खाद सुरक्षा विभाग से विवेक कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

## अवैध बालू लोड करते दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



जब्त ट्रैक्टर।

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बांकी नदी से अवैध तरीके से बालू लोड करते दो ट्रैक्टर को पुलिस ने जप्त कर लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात बरडीहा थाना क्षेत्र के दोनों ट्रैक्टर बहेरवा के समीप बांकी नदी से अवैध तरीके से बालू लोड कर रहा था, उसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के द्वारा दोनों ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया। पुलिस को आते देख मजदूर और ट्रैक्टर चालक सभी फरार हो गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर बहेरवा के समीप बांकी नदी से महिंद्रा एवं सोनालिका ट्रैक्टर को अवैध तरीके से बालू लोड करते जप्त किया गया। जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को पत्राचार कर दिया गया है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में कोई भी अवैध कारोबार किसी भी हर हाल में फलने फूलने नहीं दिया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गंगा घाटों का किया निरीक्षण



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर छठ घाटों का आज निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा नासरीगंज घाट से कंगन घाट तक के विभिन्न गंगा घाटों का जायजा लिया।छठ घाटों का निरीक्षण करने के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व की तैयारियों को देखने हम बराबर छठ घाट आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी छठ घाटों का निरीक्षण करने यहां आये हैं। छठ व्रतियों के लिए सारा इंतजाम अच्छे से किया जा रहा है ताकि उन्हें पूजा करने में कोई कठिनाई न हो। छठ व्रतियों को घाट किनारे पूजा करने के लिए सारी सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है। सारी व्यवस्थायें अच्छे ढंग से की जा रही इससे पहले निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### पचपन कार्टून अबैध पटाखा व विस्फोटक सामग्री बरामद, प्राथमिकी दर्ज




**पूर्वी चंपारण।** जिले के संग्रामपुर थान पुलिस ने भवानीपुर धनगढ़हा रोड स्थित एक विधालय के समीप एक निजी गोदाम में छापेमारी कर लाखो रुपये मूल्य का अवैध पटाखा व विस्फोटक समाग्री बरामद किया। प्रभारी थानाध्यक्ष अलका कुमारी ने बताया कि एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश के आलोक में अबैध पटाखा को व विस्फोटक सामग्री गोदाम में रखने की सूचना पर छापेमारी की गई। जहाँ से पचपन कार्टून पटाखा व विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। जिसकी कीमत बाजार मूल्य में लगभग पच्चीस लाख रुपये बतायी जा रही है। पटाखा इंद्रा इंटर प्राइजेज के गोदाम से बरामद हुआ। बरामद पटाखा व विस्फोटक सामाग्री को जप्त कर गोदाम मालिक संतोष जायसवाल पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं। छापेमारी मजिस्ट्रेट सह सीओ अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। छापेमारी टीम में दरोगा राहुल कुमार, बनाफल अक्षय कुमार, एएसआई के के राय व सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी विमेंस गौरव यात्रा अररिया पहुंचने पर डीएम-एसपी ने किया स्वागत




**फारबिसगंज/अररिया।** एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी वूमेन गौरव यात्रा के अररिया जिला पहुंचने पर आज देर शाम टाउन हॉल अररिया में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौरव यात्रा का जिला प्रशासन अररिया के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गौरव यात्रा का सर्वप्रथम स्कूली छात्राओं ने फूल बरसा कर ट्राफी का सम्मान किया। जबकि गायक श्री अमर आनंद द्वारा खेल से जुड़े एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर आए हुए टीम का उत्साहवर्धन किया। वही, इस सम्मान समारोह में आए हुए टीम के द्वारा एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी को अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा उपस्थित वरिष्ठ खिलाड़ियों को सौंपा गया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार पटना के द्वारा प्राधिकृत हाकी खेल से संबंधित कर्मियों के 24 सदस्य टीम इस ट्राफी को लेकर बिहार के सभी जिला में भ्रमण के लिए रवाना किया गया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वाधान में राजकीय खेल अकादमी -सह-खेल परिसर राजगीर में एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी (महिला) 2024 का आयोजन दिनांक 11 से 20 नवम्बर तक निर्धारित है।

### सांसद प्रदीप कुमार सिंह को सऊदी अरब और दुबई से मिल रही धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा



फारबिसगंज/अररिया। अररिया से बीजेपी के सांसद प्रदीप कुमार सिंह अपने विवादित बयान को लेकर विरोधियों के निशाने पर हैं। उन्हें अब सऊदी अरब और दुबई से भी फोन पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इसका खुलासा खुद सांसद ने सीएम नीतीश कुमार और गृहमंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में किया है। उन्होंने शिकायत की है कि दुबई और सऊदी से उन्हें धमकी मिल रही है। पुलिस ने उनकी सुरक्षा भी बढ़ा दी है। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की यात्रा के दौरान बीजेपी सांसद ने कहा था कि अररिया में रहना है तो हिंदू बनना होगा। इस बयान पर वे घिर गए। अररिया थाना में सांसद प्रदीप सिंह के मीडिया सेल प्रभारी अभिजीत कुमार झा ने आवेदन देकर कहा है कि सोशल मीडिया पर दर्जनभर वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें सांसद प्रदीप कुमार सिंह और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी खुले आम दी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स व फोन कॉल आदि से सांसद को धमकी दी जा रही है। अररिया एसपी अमित रंजन ने कहा कि सांसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड दिया गया है। वे जिस क्षेत्र में जाते हैं उस क्षेत्र की थाना पुलिस सुरक्षा देती है। वही, सांसद प्रदीप सिंह को पूर्व में भी कई बार जान मारने की धमकी मिल चुकी है। इसके बाद उन्हें लगातार विदेश से कॉल कर जान मारने की धमकी दी जा रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो बना बनाकर उन्हें और उनके पूरे परिवार को भद्दी-भद्दी गलियां देने का मामला सामने आ रहा है।

## हर परिस्थिति में सलमान के साथ हूं : पप्पू यादव





**पटना।** बिहार में पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से बातचीत की और कहा कि वह हर परिस्थिति में उनके साथ हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से सलमान खान को मिल रहीं धमकियों के बीच पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से मुलाकत करने पहुंचे थे लेकिन सलमान के व्यस्त कार्यक्रम के चलते उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। हालांकि दोनों की फोन पर लंबी बात हुई, जिसकी जानकारी खुद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर दी और बताया कि वह हर हालात में सलमान खान के साथ है।

## पीडीजे व सीजेएम ने सतबहिनी झरना तीर्थ में की पूजा अर्चना,कहा

# सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल बहुत ही सुंदर व रमणीक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सतबहिनी झरना तीर्थ में पीडीजे व सीजेएम।

**कांडी।** जिला के न्यायिक पदाधिकारियों ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सतबहिनी स्थित नौ मंदिरों की श्रृंखला में सभी देव शक्तियों का दर्शन एवं नमन किया। उन्होंने सतबहिनी झरना तीर्थ को बहुत ही रमणीक एवं सुंदर पर्यटन स्थल बताया। कहा कि इसके और बेहतर विकास की संभावना है। न्यायिक पदाधिकारियों यथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमार विपुल व व्यवहार न्यायालय के नाजिर दीपक कुमार सिन्हा आदि ने सतबहिनी भगवती माता महादुर्गा, महाकाली एवं महालक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना की एवं नारियल फोड़ा। उन्होंने भगवान भास्कर, बजरंगबली, भैरवनाथ, साक्षी गणेश, भगवान शिव, नंदी महाराज आदि के मंदिरों का दर्शन व वंदन किया। उन्होंने मनोरम झरना के साथ इस स्थल पर किए गए विभिन्न निर्माण एवं वृक्षारोपण की सराहना की।

कहा कि सतबहिनी झरना तीर्थ बहुत ही सुंदर एवं रमणीक पर्यटन स्थल है। अधिक संख्या में पौधारोपण किए जाने की जरूरत है। न्यायिक पदाधिकारी एवं मौके पर मौजूद समिति के लोगों ने प्रसाद ग्रहण करने के बाद जलपान किया। मौके पर जिला से आई पुलिस बल के साथ-साथ कांडी एवं माझिआंव थाना के थाना प्रभारी सदल बल उपस्थित थे। जबकि मां सतबहनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने इस स्थल की प्राचीनता एवं नवीनता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समिति के द्वारा व्यापक जन सहयोग से किए गए विकास कार्यों की भी जानकारी दी। मौके पर संत हरिदास जी, कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, सुदर्शन तिवारी, गोरखनाथ सिंह, वैद्यनाथ पांडेय, मुखिया पांडेय, निरंजन सिंह, सुखदेव साव, देवी दयाल राम, उपेंद्रनाथ तिवारी, रघुनंदन राम, शंभू प्रसाद गुप्ता, सतीश चंद्र पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत बिगड़ी

**एजेंसी**



- मैथिली और भोजपुरी गीतों के लिए जानी जाती हैं
- संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 2018 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया
- दिल्ली एम्स में भर्ती

**पटना।** पिछले एक सप्ताह से दिल्ली एम्स में भर्ती पद्मभूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत बिगड़ गई है। शनिवार सुबह उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। हाल ही में उनके पति का ब्रेन हैमरेज से निधन हुआ था। उसके बाद वह खुद बीमार हो गई हैं।

पिछले एक सप्ताह से उनको खाने-पीने में काफी समस्याएं आ रही थी, जिसके बाद उनको दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के मुताबिक आज सुबह उनकी स्थिति काफी बिगड़ गई। हालांकि, अभी उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई बुलेटिन जारी नहीं किया गया है।

बिहार के सुपौल जिले के हुलास में जन्मी शारदा सिन्हा लोकगीत और शास्त्रीय संगीत की मशहूर गायिका हैं। शारदा सिन्हा मुख्य तौर पर मैथिली और भोजपुरी गीतों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 'विवाह गीत' और 'छठ गीत' गाए हैं, जो बेहद लोकप्रिय हैं। संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 2018 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## नीतीश सरकार में खुली शराब की सबसे अधिक दुकानें: तेजस्वी

**एजेंसी**



**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज आरोप लगाया कि श्री नीतीश के मुख्यमंत्री बनने के बाद से प्रदेश में सबसे अधिक शराब की दुकानें खुली हैं। श्री यादव झारखंड में हो रहे विधानसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर लौटने के बाद शनिवार को यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बड़ी बैठक की। बैठक के पहले श्री यादव ने सीएम नीतीश पर बड़ा हमला बोला। उनसे जब सवाल किया गया कि जहरीली शराब से बिहार में मौत हो रही है वहीं सरकार इसके खिलाफ कुछ नहीं कह रही बल्कि विपक्ष पर ही हमलावर है तो उन्होंने कहा कि ये लोग बयान देने में माहिर हैं। झूठ बोले बिना इन लोगों से रहा नहीं जाता। इनलोगों का सच से कोई वास्ता नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बिहार में बाल विवाह पर लगेगी रोक!

## बाल विवाह के खात्मे में बिहार के नागरिक समाज संगठनों ने सहयोग का दिया भरोसा

**एजेंसी**




**खास बातें:** बाल विवाह मुक्त भारत (सीएमएफआई) अभियान के गठबंधन सहयोगियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 18 अक्टूबर को एक ऐतिहासिक फैसले में ग्रामीण समुदायों की लामबंदी पर जोर देते हुए बाल विवाह की रोकथाम के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में बच्चों के सशक्तीकरण, उनके अधिकारों के संरक्षण, यौन शिक्षा और समुदाय केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर देने के साथ ही बाल विवाह की रोकथाम के लिए पंचायतों, स्कूलों और बाल विवाह निषेध अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई।

**पटना।** बाल विवाह की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट के नए दिशानिर्देशों के बाद नई उर्जा से लैस बिहार के नागरिक समाज संगठनों ने इसके खात्मे में राज्य सरकार के सभी प्रयासों को हरसंभव सहयोग देने का वादा किया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिहार सरकार के प्रयासों में हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संयोजक रवि कांत ने कहा कि बाल विवाह बच्चों से बलात्कार है। यह बच्चों से उनके अधिकार और उनकी स्वतंत्रता छीन लेता है। एलायंस के सहयोगी इस अपराध के खात्मे के लिए काम कर रहे हैं लेकिन सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों से हमारे संकल्प को मजबूती मिली है।

रविकांत ने कहा कि जेआरसीए बिहार से 2030 तक इस घृणित अपराध के खात्मे के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार का हरसंभव सहयोग व समर्थन करेगा। हमारे लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि भारत इस घृणित अपराध के खात्मे की लड़ाई में सबसे अगली कतार में है और इसकी नीतियों व न्यायिक फैसलों ने दुनिया के सामने नजीर पेश की है। एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के मुख्तारुल हक ने भी इस राय से सहमति जताते हुए कहा, हम इस बात के गवाह हैं कि किस तरह सभी हितधारकों के प्रयासों में समन्वय व सम्मिलन, जागरूकता और शिक्षा एक ऐसे परिवेश के निर्माण की कुंजी हैं जहां बाल विवाह की गुंजाइश खत्म हो जाती है। हम सभी इन मोर्चों पर काम कर रहे हैं और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इसकी अहमियत को रेखांकित किया है। हम आश्वस्त हैं कि इन दिशानिर्देशों पर तत्काल और प्रभावी अमल से हम 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्मे के निर्णायक बिंदु तक पहुंच जाएंगे।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रयास जेएसी सोसायटी के मुख्य समन्वयक अधिकारी जितेंदर कुमार सिंह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है जो भारत से बाल विवाह के खात्मे का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस फैसले ने सभी की जवाबदेही तय की है और यह सुनिश्चित किया है कि पंचायत से लेकर पुलिस तक सभी इस अपराध के खात्मे में अपनी भूमिका व जिम्मेदारी को समझें। हम राज्य सरकार के साथ खड़े हैं और जैसे भी संभव होगा, उसकी मदद करेंगे।

स्पीड न्यूज

## सेना खून की हर बूंद का बदला लेगी: सिन्हा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति तैयार की गयी है और कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लिया जाएगा। श्री सिन्हा ने एसटीसी हुमहामा में 629 बीएसएफ रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद के उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति बनाई गई है। सुरक्षा बल कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लेंगे।

## अफरीदी बने पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

**इस्लामाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस याह्या अफरीदी ने शनिवार को पाकिस्तान के 30वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्होंने जस्टिस काजी फैज ईसा की जगह ली। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने ऐवान-ए-सदर में जस्टिस अफरीदी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद रहे थे।

## नक्सलियों के इलाकों में ड्रोन से बमबारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिले की सरहद पर और तेलंगाना सीमा के पास नक्सलियों के इलाकों में ड्रोन से बमबारी हुई है। ग्रामीणों ने शुक्रवार देर रात ड्रोन से बम बारी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मीडिया को तश्वीरें भेजी है जिसमें सुकमा जिले के सीआरपीएफ बेस कैंप के पास के गांवों के खेतों में ड्रोन बम के टुकड़े पाए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस आदिवासी गांवों को निशाना बनाकर ड्रोन बम बरसा रही है।

## राजकोट के 10 बड़े होटलों को धमकी

राजकोट। राजकोट के 10 प्रख्यात होटलों को बम से उड़ाने के बारे में धमकी भरे ई-मेल मिलने के बाद पुलिस समेत सभी जांच एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। सभी होटलों में डॉग स्क्वॉड समेत बम निरोधक दस्ते के साथ तलाशी ली जा रही है। राजकोट के फाइव स्टार होटल इम्पीरियल पैलेस समेत सयाजी होटल, सिजन्स होटल, होटल ग्रांड रेजन्सी समेत इन 10 होटलों को एक साथ ई-मेल भेजा गया है। राजकोट में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान जिस इम्पीरियल पैलेस और सयाजी होटल में क्रिकेट खिलाड़ी रुकते हैं।

### 'बंटेंगे तो कटेंगे'.. संघ ने योगी के बयान का किया समर्थन, होसबाले बोले

# हिन्दू समाज में एकता जरूरी

▸▸ कांग्रेस पर तंज, वे मुहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं पर हमसे मिलना नहीं चाहते

एजेंसी

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शनिवार को कहा कि यह सही ही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।' मथुरा के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र परिसर में आयोजित संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की द्विदिवसीय बैठक के समापन पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल में दिए गए बयान बंटेंगे तो कटेंगे का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज एकता से नहीं रहेगा तो आजकल की भाषा में 'बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है। होसबाले ने कहा कि यह सही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिन्दू एकता लोक कल्याण के लिए है। अपने को बचाए रखने और दूसरों का भी



मंगल करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसीलिए हम यह एकता बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं। सरकार्यवाह ने मंगलवार की शाम मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरसंघचालक से हुई वार्ता के विषयों पर बना संशय दूर करते हुए कहा कि वह तो उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक के आयोजन पर औपचारिक रूप से स्वागत भाव से यहां पधारे थे। उन्होंने बताया कि योगी मुख्ययतः आने वाले प्रयागराज कुम्भ के आयोजन के संबंध में वार्ता करने आए थे। उनका कहना था कि इस बार का कुम्भ पिछली बार से भी अधिक सार्थक एवं यशस्वी बनाने का प्रयास होगा। इसके लिए तैयार की गई योजनाएं भी उन्होंने संघ पदाधिकारियों के सम्मुख रखीं। होसबाले ने किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर कटाक्ष किया और कहा कि वो मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं पर हमसे मिलना नही चाहते। एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि हमारी भाजपा से कोई खींचातानी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम तो सबसे मिलते हैं। कांग्रेस से भी मिलते हैं, लेकिन जो मोहब्बत की दुकान चलाते हैं वो हमसे मिलना नही चाहते। उन्होंने दो दिवसीय बैठक के बारे में कहा कि संघ आगामी वर्ष में पंच परिवर्तन पर कार्य करेगा।

# प्रधानमंत्री कल टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे

▸▸ गुजरात में स्पेन के पीएम के साथ टीएएसएल परिसर में सी-295 विमान के निर्माण की नींव रखेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 अक्टूबर को गुजरात में अपने स्पेनिश समकक्ष पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त रूप से सैन्य विमान सी-295 के विनिर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी भारत माता सरोवर का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 4,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से शनिवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री 28 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। सी-295 कार्यक्रम के तहत कुल 56 विमान हैं, जिनमें से 16 स्पेन से एयरबस द्वारा सीधे डिलीवर किए जा रहे हैं और शेष 40 भारत में बनाए जाने हैं। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड भारत में इन 40 विमानों को तैयार करेगा।



# देश में 95 प्रतिशत भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण

### स्वामित्व को ऑनलाइन मिलेगी जानकारी

**नयी दिल्ली।** भारत में लगभग 95 प्रतिशत भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया गया है। अब स्वामित्व की जानकारी आसानी से ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। शनिवार को मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 95 प्रतिशत भूमि अभिलेखों को कंप्यूटरीकृत किया गया है, जिसमें 6.26 लाख से ज्यादा गांव शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भूकर मानचित्रों का डिजिटलीकरण 68.02 प्रतिशत तक हो चुका है। इसके अतिरिक्त, 87 प्रतिशत उप-पंजीयक कार्यालयों (एसआरओ) को भूमि रिकॉर्ड के साथ एकीकृत किया गया है। सरकार ने भूमि अभिलेखों के साथ आधार-आधारित एकीकरण और राजस्व अदालतों के कंप्यूटरीकरण जैसी नई सुविधाओं को जोड़ते हुए डीआईएलआरएमपी को 2025-26 तक बढ़ा दिया है। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी), जिसे पहले राष्ट्रीय भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम के नाम से जाना जाता था, केंद्र सरकार से पूर्ण वित्त पोषित होता है और अप्रैल 2016 में केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में इसका पुनर्गठन किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य एक एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करके एक आधुनिक एवं पारदर्शी भूमि अभिलेख प्रबंधन प्रणाली स्थापित करना है। इस प्रणाली का उद्देश्य वास्तविक समय पर भूमि की जानकारी प्रदान करना, भूमि उपयोग को अनुकूलित करना, भूस्वामियों एवं संभावित खरीदारों को लाभ पहुंचाना।

## अजय देवगन की फिल्म नाम 22 नवंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** रोओंग्टा एंटरटेनमेंट ने स्नीगधा मूवीज प्रा. लि. के साथ मिलकर अजय देवगन की नई फिल्म नाम की घोषणा की है। निर्माताओं ने आधिकारिक शीर्षक के साथ एक घोषणा पोस्टर के माध्यम से दर्शकों को उत्सुक कर दिया है। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित और अनिल रोओंग्टा द्वारा रोओंग्टा एंटरटेनमेंट प्रस्तुत स्नीगधा मूवीज प्रा. लि. के सहयोग से बनीं फिल्म 22 नवंबर को पेन मारुधर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया और साजिद वाजिद द्वारा कंपोज्ड किया गया है।



SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi
BUKRU, KANKE, RANCHI
ADMISSIONS OPEN (SESSION 2025-26)
Registration forms for admission in Pre-Nursery to Std. IX are available. Forms can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 4th November to 19th November 2024. Forms are also available at School Office, 8:00 AM to 1:00 PM.
Last date of submission is 20th November 2024.
Hostel facility available for Boys (Class III - Onwards)
For details contact us at : 7542983222, 9771435100, 9931069966
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com
Principal

# बिचौलिए की 163 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

▸▸ बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में इडी ने प्रसन्ना कुमार रॉय की होटल, रिसॉर्ट और अचल संपत्तियों को कब्जे में लिया

**कोलकाता** ।कोलकाता । ईडी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में 163.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने शनिवार को एक बयान में बताया कि यह जब्ती पश्चिम बंगाल के विभिन्न सरकारी स्कूलों के लिए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणियों में गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में चल रही जांच के संबंध में है। ईडी अधिकारियों ने जिन संपत्तियों को जब्त किया है, वे मामले में मुख्य बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय, उनकी पत्नी और रॉय से जुड़ी एक कॉर्पोरेट इकाई के नाम पर थीं। ईडी ने पश्चिम बंगाल में डब्ल्यूबीएसएससी के अधिकारियों द्वारा किए गए ग्रुप सी और 'डी' स्टाफ भर्ती घोटाले में 163.20 करोड़ रुपये के होटल/रिसॉर्ट और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। ये संपत्तियां मुख्य बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय, उनकी पत्नी काजल सोनी रॉय और प्रसन्ना कुमार रॉय द्वारा नियंत्रित कंपनी श्री दुर्गा डीलकॉम प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर थीं। इस मामले में अब तक कुल 544.8 करोड़ रुपये की कुर्की/जब्ती की गई है। स्कूल में नौकरी के बदले नकदी मामले की जांच शुरू करने वाले सीबीआइ के अधिकारियों द्वारा पहली बार गिरफ्तार किए जाने के बाद रॉय फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। वर्तमान में रॉय न्यायिक हिरासत में हैं।







